संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 230 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सावन के अंतिम सोमवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ा।

## पढ़ाई के प्रेशर में स्टूडेंट्स: कोटा की कोचिंग में 2 महीने तक टेस्ट पर बैन

**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**

**कोटा** में स्टूडेंट्स के सुसाइड का सिलसिला थम नहीं रहा है। पढ़ाई के प्रेशर में स्टूडेंट्स यहां लगातार जान दे रहे हैं। रविवार को भी दो स्टूडेंट्स ने टेस्ट सीरीज में कम नंबर आने से तंग आकर सुसाइड कर लिया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने कोचिंग्स में टेस्ट लेने पर रोक लगा दी है। फिलहाल रोक दो महीने के लिए लगाई गई है। रविवार को 4 घंटे के अंतर पर दो स्टूडेंट्स ने आत्महत्या कर ली थी। इस तरह इस साल जनवरी से 28 अगस्त तक 24 मामले सामने आए हैं। इनमें 13 स्टूडेंट्स को कोटा आए हुए दो-तीन महीने से लेकर एक साल से भी कम समय हुआ था। सात स्टूडेंट्स ने तो डेढ़ महीने से लेकर पांच महीने पहले ही कोचिंग इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया था। इनके अलावा दो मामले सुसाइड की कोशिश के भी सामने आ चुके हैं।

**रविवार को 2 बच्चों ने सुसाइड किया; एक छठी मंजिल से कूदा, दूसरे ने फंदा लगाया:** एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ ने बताया ने रविवार दोपहर को करीब 3 बजे लातूर (महाराष्ट्र) के रहने वाले आविष्कार संभाजी कासले (16) ने कोटा में कोचिंग इंस्टीट्यूट की छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट तलवंडी इलाके में 3 साल से रह रहा था। वह यहां नीट की तैयारी कर रहा था। वह रविवार को रोड नंबर 1 स्थित कोचिंग इंस्टीट्यूट में टेस्ट देने के लिए आया था। रात 7 बजे कुन्हाड़ी के लैंडमार्क एरिया में आदर्श (18) अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। आदर्श बिहार के रोहितास जिले का रहने वाला था। स्टूडेंट नीट की तैयारी के लिए 4 महीने पहले ही कोटा आया था। यहां लैंडमार्क एरिया में भाई-बहन के साथ फ्लैट लेकर रह रहा था।





**खाने के लिए आवाज दी, लेकिन जवाब नहीं मिला:** एएसपी ने बताया कि फ्लैट में अलग-अलग तीन कमरे हैं। रविवार को टेस्ट देकर आने के बाद आदर्श अपने कमरे में चला गया था। शाम को 7 बजे उसकी बहन ने उसे खाना खाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसने कजिन भाई को बुलाया। दोनों ने काफी देर दरवाजा खटखटाया ,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

इसके बाद दोनों भाई-बहनों ने दरवाजा तोड़ा। फंदे पर आदर्श को लटका देख दूसरे फ्लैट में रह रहे लोगों को जानकारी दी। इसके बाद उसे फंदे से उतारकर एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे बचाने के लिए सीपीआर दी गई, लेकिन बचाया नहीं जा सका।

**फैसला**

▸▸ दो स्टूडेंट्स ने टेस्ट सीरीज में कम नंबर आने से तंग आकर सुसाइड कर लिया, एक छठी मंजिल से कूदा, दूसरे ने फंदा लगाया

**फास्ट न्यूज**

### अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मृतकों की संख्या 9 पहुंची

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट मामले में फैक्ट्री मालिक के पार्टनर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रविवार (27 अगस्त) को सुबह करीब 8:30 बजे फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ था। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक और उनके बेटे समेत 9 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पूरी रात सर्च ऑपरेशन चला। एक व्यक्ति का धड़ तालाब से बरामद किया गया, जबकि सिर घटनास्थल के पास एक घर में मिला। एक हाथ और दो उंगलियां धमाके वाली जगह पर मिली। इस हादसे में घायल लोगों को बारासात मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एरिया में बिजली न होने के कारण रेस्क्यू में काफी दिक्कतें हुईं। मलबा हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है।

**धमाके से शव के चिथड़े घरों की छत पर जाकर गिरे:** पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का असर पूरे इलाके में देखा गया। 50 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। घटना के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। धमाके से शव के चिथड़े आसपास के घरों की छत पर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि अवैध पटाखा फैक्ट्री को लेकर पुलिस से कई बार शिकायत की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि धोखा: सपा नेता

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**सपा** नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने रविवार को ब्राह्मण समाज और हिंदू धर्म को लेकर विवादित ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं। हिंदू धर्म केवल धोखा है। सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर के इस देश के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। अगर हिंदू धर्म होता तो आदिवासियों का भी सम्मान होता। दलितों का भी सम्मान होता, पिछड़ों का भी सम्मान होता। लेकिन क्या विडंबना है..."

**स्वामी के बयान पर डिंपल यादव का डैमेज कंट्रोल:** स्वामी प्रसाद के बयान के बाद सपा की सांसद डिंपल यादव ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश की। उन्होंने कहा- सनातन धर्म का कोई दुश्मन नहीं है। लिहाजा 2024 में हर धर्म के लोग 'इंडिया' गठबंधन को वोट करेंगे।

**जहरीले बयान ही सपा को बनायेंगे समाप्त वादी पार्टी:** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, "सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर, इनके नेताओं के जहरीले बयान ही सपा को बनायेंगे समाप्त वादी पार्टी! सभी समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास रूपी महामंत्र से होगा!"

## युवाओं को नौकरी की सौगात

● 10 महीने में 5 लाख लोगों को नौकरी मिली, 'भारत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा'

**नियुक्ति पत्र**

▸▸ पीएम मोदी ने 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने जॉइनिंग लेटर मिलने पर सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। पीएम मोदी ने कहा, 'देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं।'

**भारत सरकार मेड इन इंडिया लैपटॉप-टैबलेट खरीदेगी:** प्रधानमंत्री ने कहा, 'वो दिन दूर नहीं है, जब मोबाइल की तरह भारत में बने एक से बढ़कर एक लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और अन्य गैजेट्स दुनिया में हमारी शान बढ़ाएंगे। वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, टैबलेट खरीदने पर जोर दे रही है।'

**फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से बढ़ रहा:** पीएम मोदी ने कहा कि देश में फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। 2030 तक टूरिज्म सेक्टर से भारत की अर्थव्यवस्था को 20 लाख करोड़ से अधिक मिलने की संभावना है। इससे युवाओं के लिए 13-14 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रोजगार मेले में जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ दिल्ली पुलिस में भर्ती होती है।




### 'युवाओं से छलावा कर रही है मोदी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर छलावा कर रही है। इस सरकार ने दो करोड़ सालाना नौकरी देने का वादा किया और भूल गई। खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से रोजगार मेले के दौरान सरकारी नौकरी के ज्वॉइनिंग लेटर बांटने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज कुछ ऐसे लोगों को भी ज्वॉइनिंग लेटर दिए गए हैं, जो पहले से ही नौकरी कर रहे हैं।

### 'पिछली सरकार में फोन बैंकिंग घोटाला हुआ था'

**पीएम** मोदी ने नौकरी पाने वाले युवाओं से कहा कि सरकारी नौकरी में रहते हुए आपको हमेशा ये कोशिश करनी है कि तिरंगे की आन-बान-शान में कोई आंच न आए। 22 जुलाई को पीएम ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए थे।उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में फोन बैंकिंग घोटाला हुआ था, जिससे बैंकिंग सेक्टर की कमर टूट गई थी। 2014 में हमने बैंकिंग इंडस्ट्री को फिर खड़ा करने की कोशिश शुरू की और आज भारत का बैंकिंग सिस्टम दुनिया के सबसे मजबूत सिस्टम में गिना जाता है। पीएम मोदी ने कहा- आजादी के अमृतकाल में जिन युवाओं को नौकरी मिली है, अगले 25 साल में इन लोगों को विकसित भारत के सपने को साकार करना है।



भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सोमवार तड़के इतिहास रचते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पाकिस्तान के अरशद नदीम को एक मीटर से भी कम अंतर से हरा दिया।

### 'इंडिया' में शामिल होंगी 4 और पार्टियां'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव 2024 में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होगी। बैठक से पहले कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने इंडिया में कुछ और राजनीतिक पार्टियों के शामिल होने की बात कही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया की पिछली बैठक में शामिल होने वाले 38 दलों में से चार विपक्षी गठबंधन के संपर्क में हैं। जल्द ही वे इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे।

### 'आपदा प्रभावित क्षेत्रों में ऋणों की पुन:संरचना पर होगा विचार'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार की विकास परियोजनाओं और प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए गत दिवस को आयोजित सभी प्रशासनिक सचिवों की 'मंडे मीटिंगइ की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी प्रशासनिक सचिवों को लंबित परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इन इनका लाभ लोगों तक शीघ्र पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल कार्य पद्धति के महत्व पर बल देते हुए अधिकारियों से कार्य निष्पादन में तेजी लाने के दृष्टिगत ई-फ इल प्रणाली का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में आई आपदा के दृष्टिगत सरकार प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के दृष्टिगत उनके लिए ऋ ण पुनःसंरचना के विकल्प पर विचार कर रही है। उन्होंने इस संबंध में एक व्यापक कार्य योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में 3671 अनाथ बच्चों का नामांकन हुआ है और इन सभी को इस योजना के दायरे में शामिल किया जायेगा।

**समीक्षा बैठक**

▸▸ मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों के साथ 'मंडे मीटिंग' में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

### 'अब निकाय चुनावों में बीसी (ए) को आरक्षण का मिलेगा लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, जो सदन के नेता भी हैं, ने मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन में स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों में वार्डबंदी का कार्य हरियाणा राज्य पिछड़ा आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया जा रहा है।

वार्डबंदी के लिए दो आधार माने गए हैं। निकायों में वार्डों की संख्या निमित करने के लिए फैमिली इनफार्मेशन डाटा रिपॉजिटरी (एफआईडीआर) या मतदाताओं की 140 प्रतिशतता अनुसार प्राप्त जनसंख्या, दोनों में से जो भी अधिक हो, को आधार माना जायेगा। इसके अलावा, वार्डों में जनसंख्या की भिन्नता को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया है।

### 'दिसंबर में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार (28 अगस्त) को कहा- लोकसभा चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं। भाजपा ऐसा करा दे तो हैरानी नहीं होगी। हमने बंगाल में सीपीएम के शासन को खत्म किया है, अब लोकसभा में भाजपा को हराएंगे। उन्होंने राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस को चैलेंज भी दिया है। बोलीं- राज्यपाल को चुनी हुई सरकार से पंगा नहीं लेना चाहिए। वो (राज्यपाल) संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। मैं इस पद का सम्मान करती हूं, लेकिन उनकी असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। ममता ने ये बातें तृणमूल छात्र परिषद के 26वें स्थापना दिवस पर कोलकाता स्थित मेयो रोड पर रैली को संबोधित करते हुए कहीं।



**एक दिन पहले गवर्नर ने राज्य सरकार की निंदा की थी:** गवर्नर बोस ने रविवार (27 अगस्त) को सिलीगुड़ी में एक नाबालिग के रेप और मर्डर की घटना पर राज्य सरकार की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि मैं कन्याश्री योजना पर बोलना चाहता हूं। लड़की के जीवन के बिना कन्याश्री का क्या मतलब है। जब तक समाज एक लड़की की जान नहीं बचा सकता, तब तक बड़े-बड़े दावे करने का कोई फायदा नहीं है।

**शांत रहा माहौल** सुरक्षा के बीच तीन गाडियों में लेकर मंदिर पहुंचाया और जलाभिषेक, पुलिस ने सुरक्षित नूंह की सीमा से बाहर तक पहुंचाया

## नूंह: कड़ी सुरक्षा में 51 बाहरी लोगों ने किया जलाभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**

**गुरुग्राम** समेत अन्य जगहों से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सर्व जातीय हिंदू महापंचायत के आह्वान पर लोगों ने नल्हड़ मंदिर में जलाभिषेक किया। सोमवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच नल्हड़ मंदिर में साधु संतों सहित 51 लोगों से जलाभिषेक कराया। इसके अलावा स्थानीय लोगों पर जलाभिषेक के लिए कोई प्रतिबंध नहीं था। सावन के आखिरी सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सोमवार को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा का आह्वान किया था। नल्हड़



शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए गुरुग्राम से तमाम साधु संत और अन्य लोग नूंह के शिव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंच गए।

स्थानीय पुलिस ने बाहरी लोगों के नूंह में प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी थी। इसके लिए सोहना से पहले घामड़ौज टोल पर ही पुलिस ने लोगों को रोकना शुरू कर दिया। संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज भी जलाभिषेक के लिए पहुंचे। वह भी नल्हड़ जाने की जिद पर अड़.गए। पुलिस ने जब उन्हें आगे नहीं बढने दिया तो घामड़ोज टोल पर ही आचार्य महाराज धरना देकर बैठ गए। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने सिर्फ 51 लोगों को ही जलाभिषेक करने की अनुमति दी गई। पुलिस सुरक्षा में पटौदी आश्रम हरि मंदिर के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव और विश्व हिंदू परिषद के आलोक कुमार राय की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। पुलिस इन्हें सुरक्षा के बीच तीन गाडियों में लेकर मंदिर पहुंचाया और जलाभिषेक, पूजा-अर्चना के बाद पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में सभी को सुरक्षित नूंह की सीमा से बाहर तक पहुंचाया।

**पुलिस तैनात**

▸▸ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए तमाम साधु संत और अन्य लोग मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचे

## ग्रुप ए और बी पदों पर अनुसूचित जाति श्रेणी को 20 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए ग्रुप ए और बी पदों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण नीति लागू करेगी। इस निर्णय का उद्देश्य उच्च-स्तरीय सरकारी पदों पर सभी आरक्षित श्रेणियों के लिए पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पहले आरक्षण ग्रुप सी और डी तक सीमित था, ग्रुप ए और बी पदों को बिना किसी आरक्षण प्रावधान के छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार रोस्टर प्रणाली बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी कर दी जाएगी, जो निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि नई आरक्षण प्रणाली पदोन्नति के सभी चरणों में आरक्षण का विस्तार करेगी।



करनाल, 29 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# वार्ड 26 में सड़कें नहीं बनने पर पार्षद जैन का हल्लाबोल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** पानीपत के वार्ड 26 के सिद्धार्थ नगर, गाबा कालोनी व जैन चौक आदि के स्थानीय लोगों ने ठेकेदार द्वारा उखाडी गई मैन सडक और गलियों के दोबारा से नहीं बनाने के विरोध में सोमवार को सुबह सिद्धार्थ नगर में रेलवे फाटक के पास धरना देना शुरू किया। वार्ड पार्षद एवं भाजपा नेता विजय जैन भी धरना दे रहे लोगों के पास पहुंचे और वे भी स्थानीय लोगों के साथ ही धरने में बैठ गये। भाजपा के निगम पार्षद विजय जैन भी कई घंटे तक धरने में वार्ड वासियों के साथ ही बैठे रहे। हालांकि धरने पर बैठे लोगों ने पार्षद विजय जैन से कहा कि इस सेक्टर 6 रेलवे फाटक से लेकर जैन चौक तक करीब डेढ साल पहले ठेकेदार ने सडक उखाडी थी और उसको दोबारा से नहीं बनाया गया है। इससे सिद्धार्थ कालोनी सहित विभिन्न कालोनियों



के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। लोगों ने कहा कि कालोनियों की सडकों व गलियों को उखाड तो दिया गया पर दोबारा से नहीं बनाया गया है। वहीं धरने पर बैठे पार्षद विजय जैन ने कहा कि जब तक ठेकेदार द्वारा सडक बनाने का काम शुरू नहीं कर दिया जाता, तक तक वे कालोनी वासियों के साथ ही धरने पर बैठे रहेगे और फिर भी सुनवाई नहीं हुई तो पार्षद पद से त्यागपत्र दे देंगे। भाजपा पार्षद विजय जैन द्वारा लोगों के साथ दिये जा रहे धरने की सूचना पर दोपहर को करीब 1.30 बजे सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट धरना दे रहे लोगों के पास पहुंचे और उन्होंने पार्षद विजय जैन व स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उखाडी गई इस सडक को आज ही बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू होने पर उसको बीच में रूकने नहीं दिया जाएगा।

**जनसमस्या**

- सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट ने धरना स्थल पर पहुंचकर दिया सडक व गलियों को बनवाने का आश्वासन
- सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट के आश्वासन पर पार्षद विजय जैन व कालोनी वासियों ने धरना किया समाप्त
- नगर निगम के अधिकारी नहीं करते कोई भी सुनवाई, सरकार की छवि को कर रहे है खराब: विजय जैन पार्षद

# नुक्कड़ नाटक कर गलत संगत से बचने का दिया संदेश





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** कलाधारा थिएटर एंड आर्ट ग्रुप अंबाला द्वारा देश के विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयो में प्रवेश ले रहे छात्र छात्राओं के बीच सच्ची मित्रता को बढ़ावा देने तथा गलत संगत से बचने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कलाधारा ग्रुप के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि जीवन में एक सच्चे और अच्छे मित्र का होना अति आवश्यक है जो सही राह पर ले जाते हुए आपके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोग प्रदान करें सही वक्त में सही दोस्त का न मिलाना जीवन को गलत दिशा में ले जाता है और फिर जीवन में निराशा के अलावा कुछ हाथ नहीं लगता। इस नुक्कड़ के माध्यम से नवीन छात्र-छात्राओं ने मुलाना में नुक्कड़ नाटक के जरिए एकता का संदेश दिया। इस दौरान वहां मौजूद जनता ने कलाकारों के कार्य की सराहना की। रविवार 27 अगस्त को कलाधारा थिएटर एंड आर्ट ग्रुप के नवीन छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। मुलाना स्थित बाला सुंदरी माता मंदिर प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आपसी मतभेद को किनारे रखते हुए सौहार्द और एकता कायम करने के दृश्य दिखाए। देश की अखंडता प्रभुता एवं अनेकता में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने कलाधारा ग्रुप की टीम की कार्यों की सराहना की। ग्रुप के सचिव शैंकी जैन और मध्य प्रदेश शाखा के प्रधान गौरव चौहान ने बताया कि कलाकारों का जीवन समाज सेवा और समाज को जागरूक करने के लिए समर्पित होता है, जिस कारण ग्रुप समय-समय पर विभिन्न विशेष मुद्दों पर नाटकों के जारी है लोगों को जागरूक करने का माध्यम बनता है। नाटक करने वालों में हार्दिक शर्मा, यश शर्मा, के. अंकुश, वेदांत वत्स, कार्तिक कुमार, तुषार, अश्वनी, सुजीत कुमार, अरुण कुमार, रितेश यादव, तान्या, मुदस्सिर शामिल हैं।

# नि:शुल्क आंखों का ऑपरेशन कैम्प का हुआ आयोजन

**सामाजिक कार्य**

- शुभारम्भ अम्बाला शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति मुकेश एबट (बी. एस. ए. फार्मा) ने किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
श्री कृष्ण भक्ति प्रचार समिति (रजि.), द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में श्री राधे श्याम मन्दिर (पुराने सिविल अस्पताल के सामने) में आँखों के 14वें निःशुल्क आप्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ अम्बाला शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति मुकेश एबट (बी. एस. ए. फार्मा) ने किया। इस आप्रेशन कैम्प में लीलावती



अस्पताल के जाने माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. रजत माथुर व उनकी टीम ने 90 रोगियों की आँखों की जाँच की व दवाइयां भी निःशुल्क दी गई और 25 लोग आप्रेशन के लिए चिहिंत किए गए जिनका लीलावती अस्पताल में आप्रेशन होगा।

**शगुन पैलेस, अग्रसेन चौक के पास में श्री कृष्ण जन्माष्टमी भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ:** जिसका शुभारम्भ नरेश अग्रवाल जी (एन. एन. ज्यूलर्स) के कर कमलों से हुआ।
भजन संध्या में दिल्ली से निकुंज कामरा जी, आरूषि गम्भीर जी और अम्बाला से भाई विवेक सबलोक गोविन्द ने अपने भजनों से सबको निहाल किया व भजन संध्या के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में समिति के सुरिन्द्र भण्डारी, मनोज बांगा, सुभाष सभरवाल, नरेश खुल्लर, श्याम कुमार, रमेष अग्रवाल, यशपाल मल्होत्रा, सतीश कुमार, राजेश गुजराल, संदीप जौली, त्रिमोहन शर्मा, गुलशन कुमार, देवेन्द्र सिंह, मोहित शर्मा, नरेन्द्र बतरा, सुनील जौली, जतिन सिंगला, विकास सलूजा, रिंपल शर्मा, सुरप्रीत सन्नी, गौरव शर्मा, वरूण जैन, गगन कुमार, साहिल शर्मा, विनोद बांगा, साहिल गुप्ता, अखिल भार्गव, प्रमोद भोला, गगन धीमान, देवराज गुप्ता, रवि वालिया, विजय अरोड़ा, अषोक बुद्धिराजा, बिटटू सैनी, अतुल वर्मा, रवि बजाज, ऋषि भारद्वाज, कृष्णा शर्मा, रवि अरोड़ा, गोपाल मलिक, अशोक बांगा, पंकज चौहान, नीतिष राठौर, वासुदेव पांचाल, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# युवा एकता पानीपत संस्था को मिला सेवा सम्मान अवार्ड



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
एसडी कालेज में सेवा ही धर्म एवं पीपी इवेंट कंपनी द्वारा सेवा सम्मान अवार्ड का आयोजन किया गया। सेवा ही धर्म संस्था की अध्यक्ष प्रोमिला लठवाल और पीपी इवेंट कंपनी से प्रदीप द्वारा युवा एकता पानीपत हरियाणा संस्था के अध्यक्ष रमेश सैन अहरिया को संस्था के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए सेवा सम्मान अवार्ड से नवाजा। वहीं संस्था को सम्मानित करने के लिए रमेश सैन अहरिया ने आयोजकों का धन्यवाद किया है। रमेश सैन ने शहर की जनता से अपील की कि जब भी आपके घर में कोई खुशी जैसे शादी, जन्मदिन या अन्य हो तो एक पेड़ जरूर लगाएं ।

# बृज धाम सेवा संगठन ने हनुमान मंदिर में शिव परिवार की स्थापना की

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/पिपली (दलबीर मलिक)**
**बृज** धाम सेवा संगठन द्वारा करनाल रोड स्थित नीलकंठ कॉलोनी के हनुमान मंदिर में शिव परिवार एवं नंदी की मूर्तियाँ स्थापित की गई। जानकारी देते हुए ब्रज धाम सेवा संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष आकाश चौहान ने बताया कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार,ब्रज धाम महिला मंडल एवं समस्त नीलकंठ कॉलोनी निवासियों के सहयोग से शिव परिवार की स्थापना करवाई गई है जिसमें मुख्य यजमान बाल किशन रोड़,सतीश कुमार,राकेश कुमार (रोकी),रमेशचंद्र ज्योति( अटल



नगर, पिपली,पंच),आयुष चौहान आदि भक्तजन शामिल रहे। मंदिर के पुजारी अमित नाथ ने मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर के भजन सुनाए। इसके पश्चात आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर बाला रानी,नीरू चौहान, पिंकी,हिना एवं ज्योति चौहान सहित अन्य भक्तजनों ने सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों इस संस्था द्वारा विशाल खाटू श्याम जागरण एवं भंडारा आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए थे।

# टोपीदार बंदूक व लाइसेंस को नजदीकी थाना में जमा करवाए

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि गृह विभाग हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा अनुरोध किया गया है कि टोपीदार बंदूकों में बारूद, मसाना, रांग के साथ छर्रे साइकिल हैंडल की गोली या लोहे के दाने भरकर फसल रखवाली की आड़ में शिकार करके दुरुपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार के हथियारों के प्रयोग को रोकने के लिए नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए है। सीटीएम हरप्रीत कौर ने कहा कि यदि किसी भी शस्त्र लाइसेंस धारक के पास शस्त्र लाइसेंस जमा



नवीनीकरण, वेरिफिकेशन व असला जमा करवाते समय कोई टोपीदार बंदूक पाई जाती है, तो तुरंत जिलाधीश कार्यालय कुरुक्षेत्र को सूचित किया जाए ताकि नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिला कुरुक्षेत्र में जिस भी व्यक्ति के पास टोपीदार बंदूक व उसका शस्त्र लाइसेंस है, वह तुरंत अपनी टोपीदार बंदूक व शस्त्र लाइसेंस को नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाकर जिलाधीश कार्यालय को सूचित करें। पुलिस विभाग कुरुक्षेत्र, जिले के सभी उपमंडल अधिकारी नागरिक व सभी संबंधित आर्म्स एंड एम्युनेशन डीलर्स इन आदेशों की अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

# दुनिया माजरा के सरकारी स्कूल में अध्यापक अभिभावक बैठक हुई संपन्न

**बैठक**

- विद्यालय दुनिया माजरा, खण्ड पेहवा में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा, खण्ड पेहवा में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा अध्यापकों ने बच्चों के अभिभावको के समक्ष बच्चों की मासिक रिपोर्ट एवं इसके साथ-



साथ है सेट की परीक्षा में बच्चों के द्वारा उनकी परफॉर्मेंस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। अध्यापक ने अभिभावकों के समक्ष उनके बच्चों की उपलब्धियों और कमजोरियों को रखा। सभी अध्यापकों ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई की और विशेष ध्यान दें ताकि अध्यापक और अभिभावक मिलकर बच्चों को पढ़ाई के स्तर पर और आगे ले जा सकें।

# स्कूल के छात्रों ने खंड व जिला स्तर पर जीते मेडल



**मेडल जीते**

- अंजलि ने लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान, शिवानी ने 3000 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय हाई स्कूल त्योंडा के बच्चों ने स्कूली क्रीड़ा प्रतियोगिता में खंड स्तर, जिला स्तर पर मेडल जीते। अंजलि ने लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान, शिवानी ने 3000 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया ।इनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके साथ- साथ अण्डर 14 फुटबॉल लड़कियों मे महक का सिलेक्शन राज्य स्तरीय के लिए हुआ है। अण्डर 17 फुटबॉल लड़कियां प्रतियोगिता में शिवानी, सुहानी, मनाली ,तमन्ना ,मीनाक्षी का चयन राजस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है । अण्डर 19 फुटबॉल लड़कियां प्रतियोगिता में अंजलि और संजना का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके साथ-साथ जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अण्डर 14 लड़के फुटबॉल मे समक्ष, आर्यन ,नैतिक अनमोल का चयन हुआ है । यह प्रतियोगिता 29 अगस्त को गुरुकुल में होगी और अण्डर 17 फुटबॉल लड़के प्रतियोगिता के लिए दिलजीत और सौरभ का चयन हुआ है ।यह प्रतियोगिता 28 अगस्त को गुरुकुल में होगी। हर्ष 400मीटर रेस में द्वितीय ब्लॉक लेवल पर रहा।और हर्ष का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। एथलेटिक्स के अंदर यह प्रतियोगिता 29 अगस्त को गुरुकुल में ही होगी। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने बताया की स्कूल के छात्र सुदेश कोच की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं।

# भाजपा-जजपा की उलटी गिनती शुरू, कांग्रेस की सरकार बनना तय: सचिन कुंड

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।
सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की एकता विहार कॉलोनी में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि



आज महंगाई के मामले में प्रदेश शीर्ष पर है और प्रदेश में आए दिन लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार, फिरौती आदि में शीर्ष पर है । लेकिन जनविरोधी सरकार केवल अपनी जेब भरने में लगी हुई है।
आज भ्रष्टाचार, महंगाई के मामलें में में अव्वल है प्रदेश के जन जन में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है। जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ्100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी के पोर्टल को समाप्त किया जाएगा। इस अवसर पर राम रतन अग्रवाल, रमेश मलिक, दीपक खटक-ड़, जयकुवार बिंदल, सतपाल रोड, वेद प्रकाश, ओमपाल, जय प्रकाश, मेनपाल, पारस तिवारी, संजय, प्रवीण गर्ग, कलीराम, मनोज कुमार, राजेन्द्र आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**दावा**

- कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे है

# नीरज चोपड़ा की जीत पर झूम रहा उसका गांव खंडरा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन हरियाणा** के पानीपत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता। जिसके बाद उनके घर-गांव में जश्न का माहौल है। 88.17 मीटर भाला फेंक वह विश्व विजेता बने तो उनके गांव खंडरा में लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। देर रात ही पूरा गांव खुशी से झूम उठा। नीरज चोपड़ा का लाइव मैच देखने के लिए लोग उनके घर पहुंचे थे। गोल्ड मेडल जीतते ही लोगों ने ताली और सीटी बजाकर जश्न मनाया। नीरज के चाचा भीम चोपड़ा व पिता सतीश चोपड़ा ने गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी। दोनों ने एक सुर में कहा कि देश की उम्मीदों पर सोना सा खरा उतरा निज्जू (नीरज चोपड़ा)। नीरज विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले भारत के




पहले एथलीट बन गए हैं। मां ने कहा था- बेटा इस बार फिर स्वर्ण जीतेगा
हंगरी के बुडापोस्ट में आयोजित हो रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज के लिए पहले से ही प्रार्थनाओं और दुआओं का दौर शुरू हो गया था। पिता सतीश कुमार ने कहा कि पूरे देश की दुआएं व प्रार्थना नीरज के साथ हैं। उन्होंने नीरज के मैच को लेकर किसी तरह की बड़ी पूजा या अनुष्ठान नहीं किया है।

# पुष्पवर्षा के साथ हुआ यमुनानगर की मेधावी छात्राओं का स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )** शिक्षा विभाग के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत यमुनानगर जिला के कक्षा सातवीं व आठवीं कक्षा की 200 छात्राओं का दल सोमवार को धर्मनगरी पहुंचा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अगुवाई में मंत्रोच्चारण व शंखध्वनि के बीच छात्राओं का स्वागत किया गया। जयराम विद्यापीठ के वेदपाठी ब्राह्मणों के दल ने पारम्परिक व शास्त्रीय तरीके से छात्राओं व अध्यापकों को तिलक किया तथा पुष्प वर्षा कर उनके मंगल की कामना की। स्वागत से विद्यार्थियों के साथ उनके साथ आए सदस्य भी अभिभूत नजर आए। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा, मुख्य शिक्षक प्यारेलाल, अनिल गर्ग, प्रमोद



कुमार, रूपराज, संजय कौशिक, राम मेहर अत्रि, प्रवीण कुमार, विजेंदर शर्मा, कमला, निर्मला आदि उपस्थित थे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों की मेधावी छात्राओं के धर्मनगरी कुरुक्षेत्र भ्रमण के विशेष कार्यक्रम चलाया गया है, जिसके तहत कुछ जिलों की छात्राएं दो तथा कुछ जिलों के दल का तीन दिवसीय कार्यक्रम रहेगा। हालांकि विभाग द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित किए जाते रहे हैं लेकिन यह पहला अवसर है जब सातवीं व आठवीं कक्षाओं के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसे न केवल विद्यार्थियों को नया उत्साह मिलेगा बल्कि वे प्रदेश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत से भी सीधे रूबरू होंगे। विभाग द्वारा निर्धारित जिलों सिरसा,महेंद्रगढ़, हिसार,पलवल, मेवात,फतेहाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम की छात्राओं को तीन दिन और अन्य जिलों को छात्राओं को दो दिन तक कुरुक्षेत्र में भ्रमण का मौका मिलेगा। हर जिले से सातवीं से आठवीं की 100-100 छात्राएं भ्रमण के लिए चुनी गई हैं जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं।

**मंगल कामना**

- शास्त्रीय तरीके से छात्राओं व अध्यापकों को तिलक किया तथा पुष्प वर्षा कर उनके मंगल की कामना की

# नूंह हिंसा पर हरियाणा विधानसभा में हंगामा

## दो बार स्थगित हुई सदन की कार्यवाही, हाईकोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है तथा अभी अदालती कार्रवाई जारी: स्पीकर

**चर्चा की मांग**

**सरकार ने मामला अदालत में विचाराधीन होने का तर्क देकर इस पर सदन में चर्चा नहीं करवाई**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नूंह में हुई** हिंसा की घटना पर सदन में चर्चा को लेकर सोमवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। सरकार ने मामला अदालत में विचाराधीन होने का तर्क देकर इस पर सदन में चर्चा नहीं करवाई। विपक्ष के हंगामे के चलते स्पीकर को दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।
विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्षी दल कांग्रेस ने पहले सरकार को संदीप सिंह के मुद्दे पर घेरा तो उसके बाद नूंह में हुई हिंसा की घटना को लेकर विपक्ष आक्रामक हो गया। दरअसल विपक्षी विधायक गीता भुक्कल, राव दान सिंह, आफताब अहमद व अन्यों द्वारा कानून-व्यवस्था व हालिया हिंसा की घटना को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया गया था। विपक्ष ने जैसे ही इस मुद्दे पर बात शुरू की तो स्पीकर ने कई कानूनों का हवाला देकर कहा कि मामला अदालत में विचाराधीन होने के कारण चर्चा नहीं करवाई जा सकती। स्पीकर ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है तथा अभी अदालती कार्रवाई जारी है।
नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, बीबी बत्तरा, जगबीर मलिक व अन्यों ने कहा कि हाईकोर्ट में केवल निर्माण गिराने के मामले की सुनवाई हो रही है नूंह हिंसा का केवल रैफरेंस दिया गया है। नूंह हिंसा के संबंध में न तो सू मोटो नोटिस लिया गया है और न ही कोई याचिका दायर की गई है। हुड्डा ने सीएम की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इस मामले की हाईकोर्ट के जज से जांच करवाई जाए। बी.बी. बत्तरा ने कहा कि नूंह हिंसा पर पुलिस, मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री सभी के अलग-अलग बयान हैं। नूंह हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर अन्य मुद्दों पर चर्चा करवाना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने कार्यवाही नहीं चलने दी। जिसके चलते सदन की कार्यवाही को तीस मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया।



### 'विपक्ष जानना चाहता है कि क्या साजिश हुई'

**पूर्व सीएम** भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुख्यमंत्री के बयान को मुद्दा बनाते हुए कहा, सीएम ने कहा था कि नूंह हिंसा में साजिश हुई। हम जानना चाहते हैं कि क्या साजिश हुई। इसके बारे में प्रदेश के लोगों को जानने का अधिकार है। इस मामले की न्यायिक जांच की मांग उठाते हुए कहा कि हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में जांच होगी तो पता लग जाएगा कि किसने साजिश रची।

### राज्यमंत्री संदीप सिंह के समर्थन में खुलकर आये सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुलकर राज्यमंत्री संदीप सिंह के समर्थन में आ गए हैं। सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल समाप्त होते ही कांग्रेस के विधायकों ने संदीप सिंह के इस्तीफे को लेकर हंगामा किया। हंगामे दौरान जमकर नारेबाजी हुई और कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सदन से वाकआउट भी किया। खेल राज्य मंत्री रहते हुए संदीप सिंह पर महिला कोच के यौन शोषण का आरोप है, जिसके बाद उनसे खेल मंत्रालय का कार्यभार वापस ले लिया गया था। चंडीगढ़ पुलिस संदीप सिंह के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। कांग्रेस विधायक बी.बी. बत्तरा, गीता भुक्कल, राव दान व शकुंतला खटक ने सदन में यह मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायकों ने संदीप सिंह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इस मामले पर न तो कोई चर्चा हो सकती है और न ही सदन इस पर कार्रवाई कर सकता है। विपक्षी विधायकों पर स्पीकर की इस बात का कोई असर नहीं हुआ और वह नारेबाजी करते हुए स्पीकर के आसन के सामने वेल में आ गए।

# मांगों को लेकर 5 नवंबर को सरपंचों की महारैली



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**हरियाणा** के जींद की जाट धर्मशाला में सोमवार को हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश भर के सरपंचों ने मीटिंग की। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर समैन ने की। मीटिंग में फैसला लिया गया कि 5 नवंबर को टोहाना में प्रदेश स्तरीय महारैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सरपंचों ने सरकार को चेतावनी दी कि आगामी लोकसभा चुनावों में वोट मांगने के लिए आने वाले भाजपा-जजपा प्रतिनिधियों का हाथ पकड़कर गांव से बाहर निकालने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रणबीर समैण, जींद जिला प्रधान सुधीर बुआना ने कहा कि सरपंच और ग्राम पंचायत के फंड पर विधायक, मंत्री को अधिकार देने का सरकार का सरासर गलत फैसला है। सरकार ग्राम पंचायतों को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सरपंच जनवरी माह से आंदोलन कर रहे है लेकिन सरकार ग्राम पंचायतों की अनदेखी कर रही है। नवंबर में होने वाली महारैली में भाजपा-जजपा के खिलाफ बड़े निर्णय लिए जाएंगे।
**गांवों में अभी से शुरूआत:** भाजपा के रथ को रोकने का काम सरपंच करेंगे।

# हरियाणा में डाक्टरों के करीब नौ सौ पद रिक्त: विज



**जवाब दिया**

**आठ सौ ने संभाली नौकरी, 3903 पदों के विपरीत नियुक्त हो चुके 3073 डाक्टर: अनिल विज**


**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा में डाक्टरों के करीब नौ सौ पद रिक्त पड़े हुए हैं। सरकारी चिकित्सा संस्थानों में डाक्टरों की कमी जल्दी पूरी होने वाली है।
वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य विभाग में 3073 मेडिकल आफिसर कार्यरत हैं, जबकि 3903 स्वीकृत पद हैं। इसके अतिरिक्त 167 डाक्टर नेशनल हेल्थ मिशन से लिए गए है। हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कांग्रेस विधायक बिशनलाल सैनी के एक सवाल के जवाब में यह जानकारी सदन में दी। कांग्रेस विधायक बिशनलाल ने राज्य में डाक्टरों की कमी और बदहाल होती स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा प्रश्नकाल में उठाया।
विज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया जनवरी 2022 में शुरू की गई थी तथा अगस्त 2022 में सभी औपचारिकताओं व प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गए थे। अनिल विज ने कहा कि 941 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए गये थे, जिनमें से 808 चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्यग्रहण कर लिया गया था। इसके अलावा, 10 दिन पहले ही 25 डाक्टरों को नियुक्ति पत्र दिए गए जो जल्दी ही स्वास्थ्य विभाग को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पहले एमबीबीएस डाक्टर लिए जाते थे, लेकिन अब सरकार ने स्पेशल कैडर बनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत इनके अलग सर्विस रूल बनाए जा रहे है।

# नूंह हिंसा: कांग्रेस विधायक मामन से होगी पूछताछ

**भेजा नोटिस**

**अब तक की जांच में कई ऐसे सुराग मिले हैं, जिससे साफ होता है कि कांग्रेस की साजिश के कारण ही नूंह में हिंसा हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा पुलिस नूंह में हुई हिंसा की घटना के मामले में कांग्रेस विधायक मामन खान से पूछताछ करेगी। सोमवार को विधानसभा में गृहमंत्री अनिल विज ने दावा किया कि अब तक की जांच में कई ऐसे सुराग मिले हैं, जिससे साफ होता है कि कांग्रेस की साजिश के कारण ही नूंह में हिंसा हुई है। विज के इस बयान पर सदन में कांग्रेसी भडक गए और सरकार से इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने अन्यथा सदन में माफी मांगने की मांग उठाई।
विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल की कार्यवाही का समय नूंह हिंसा पर हंगामे की भेंट चढ़ गया। नूंह हिंसा को लेकर जब कांग्रेस चर्चा के लिए दबाव बना रही थी तो सरकार की तरफ से गृहमंत्री अनिल विज खड़े हुए।
विज ने नूंह की घटना को बहुत ही गलत घटना करार देते हुए कहा कि सरकार प्रजातांत्रिक एवं धर्म-निरपेक्ष सरकार है और हर धर्म के लोगों को अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार धार्मिक गतिविधियों को करने की इजाजत है। विज आज यहां हरियाणा विधानसभा में सत्र के दौरान सदन को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि नूंह की घटना में अब तक जो तफतीश हुई है, उसके तहत 500 लोगों को गिरफतार किया गया है जिनकी भूमिका नजर आ रही है, वो सब कांग्रेस का ही किया और दिया हुआ लगता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि नूंह की घटना कांग्रेस का किया और दिया हुआ है, लेकिन यह (कांग्रेस) सच्चाई सुनना नहीं चाहते है।
उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि इस संबंध में जांच के मामले में कांग्रेस के विधायक मामन खां को नोटिस जारी किया गया है और यह कांग्रेस का ही करा-धरा है। दूसरी तरफ, भाजपा की तरफ से विधायक सत्यप्रकाश जरावता, असीम गोयल व अन्यों ने कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया। विज के इस बयान पर हुड्डा भडक गए और उन्होंने कहा कि अगर सरकार के पास कोई सबूत है तो सदन में पेश किया जाए। इस मुद्दे पर विवाद बढ़ा तो नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस विधायक इस बात पर अड़ गए कि विज द्वारा कांग्रेस के प्रति बरती गई शब्दावली को कार्यवाही से बाहर किया जाए। काफी हंगामे के बीच स्पीकर ने विपक्ष को भरोसा दिया कि सदन की कार्यवाही के दौरान असंसदीय शब्दों का प्रयोग करने वालों को बाहर किया जाएगा।



न्यूज फ्लैश

## बाढ़ के कारण खेतों में जमा हुए रेत गाद खनिज के निपटान के लिए सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश: अनीश यादव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** सरकार के निदेर्शानुसार खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा जुलाई माह में बाढ़ की प्राकृतिक आपदा के कारण खेतों में जमा हुए रेत गाद खनिज के निपटान के लिए एकमुश्त उपाय के रूप में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिसके अनुसार मुआवजे की राशि तय की जाएगी। संबंधित भूमि मालिक या प्रभावित व्यक्तियों को दिया जाने वाला अनुदान पूरी तरह से उनकी कृषि भूमि पर जमा रेत गाद मोटाई पर आधारित है। रेत गाद की मोटाई, क्षेत्रफल तथा कुल मात्रा का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा जल्दी ही सर्वे किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त अनीश यादव ने अवैध खनन को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक में दी। उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि जो वाहन अवैध खनन में संलिप्त पाए जाएं, उनको पकडकर जब्त करें तथा उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाएं, इसमे ढिलाई न बरतें।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# अपराधियों को हर हाल में मिले सजा

## चिन्हित और जघन्य अपराधों में पुलिस जांच में न आए कोई कमी: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजना पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए।
अनीश यादव ने कहा कि जिला में चिन्हित अपराधों को लेकर हर मास बैठक कर मंथन किया जाता है, ताकि संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों का हर हाल में सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा देश है, जिसमें एक न्याय प्रकिया से अपराधियों को सजा दी जाती है, यानि समझौता से अपराधियों को छोड़ देने का कोई कानून नहीं है। इसलिए संगीन अपराधों में एफएसएल रिपोर्ट तथा न्यायालय में



चालान दाखिल करने से पहले उसे अच्छी तरह देखने पर जोर दिया जाता है। संगीन अपराधों में शामिल व्यक्ति बरी न हो, इसे लेकर जांच अधिकारी और पब्लिक प्रोसिक्यूटर को केस की अच्छे से स्टडी करने के लिए कहा जाता है। यही नहीं किसी भी अपराध से जुड़े गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जाता है, ताकि वह न्यायालय में जाकर बिना किसी भय के गवाही दे सके।
डीसी ने बैठक में आपराधिक मामलों का स्टेटस जाना और जिन मुकदमों में अपराधी बरी हुए, उनको एग्जामिन किया। चिहिन्त व जघन्य अपराधों में, पुलिस अधीक्षक और जिला न्यायवादी को अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ पीड़ित व चश्मदीद गवाहों की गवाही जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। गम्भीर अपराधों के मामले में उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से कहा कि ऐसे केसों की अच्छे से सुपरवीजन बनी रहनी चाहिए। जिला न्यायवादी को गम्भीर अपराधों में अदालती मामलो की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने चिहिन्त अपराधों के मामलों पर चर्चा की और उनका स्टेटस जाना।
जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी ने उपायुक्त को बताया कि सभी मामलो की उचित ढंग से पैरवी की जाती है। गवाहों को कहा जाता है कि वे निडरता से ब्यान दें, फिर भी कई मामले न्यायालय में जाकर प्रतिरोधी हो जाते हैं। उन्होंने न्यायालय में पैंडिंग व निपट गए मामलो की अगस्त 2022 तक की समेकित डायरी रिपोर्ट भी उपायुक्त को प्रस्तुत की। मीटिंग में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार रोकने के लिए गठित एक्ट 1989, महिला एवं कमजोर वर्गों के साथ किए गए अत्याचार, पोक्सो एक्ट तथा भ्रष्टाचार से सम्बंधित मामलों की मॉनिटरिंग को लेकर भी चर्चा की गई। डीएसपी नायब सिंह, जिला न्यायवादी डॉ.पंकज सैनी, सहायक जिला न्यायवादी बृज मोहन व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स व एएनएम स्टाफ को एड्स के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ.सिम्मी कपूर की उपस्थिति में सोमवार को जिला करनाल के आंगनबाड़ी वर्कर्स व एएनएम स्टाफ को एचआईवी एड्स की बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। इस ट्रेनिंग में वर्कर्स व एएनएम को एचआईवी एड्स फैलने के कारण लक्षण व रोक थाम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि यह बीमारी साथ बैठने से साथ खाने से या एक साथ रहने से नहीं फैलती है। उन्होंने बताया कि हर गर्भवती स्त्री को एचआईवी व सिफलिस की जांच जरूर करवानी चाहिए क्योंकि अगर यह बीमारी मन में



होगी तो आने वाले बच्चों में आने की संभावना बनी रहती है। यदि समय रहते हर गर्भवती स्त्री के पहले तीन माह फिर 4 से 6 माह, 7 से 9 माह के अंत राल पर यदि एचआईवी व सिफलिस की जांच की जाए तो स्वच्छ बच्चा स्वस्थ बच्चा पैदा किया जा सकता है। साथ ही जिले के आईसीसी केन्द्र व आर्ट सेन्टर के बारे में जानकारी दी, वहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## प्रदेश में चल रही है सत्ता परिवर्तन की लहर : सुमिता सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ रोड** पर नहर कॉलोनी के पास कांग्रेस की पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के 10 सितंबर को करनाल में होने वाले कार्यक्रम को लेकर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया गया और उपस्थित लोगों को करनाल के एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 सितंबर को होने वाले कांग्रेस पार्टी के जन मिलन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। सुमिता सिंह ने बताया कि जन मिलन कार्यक्रम को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदय भान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के अलावा कांग्रेस के कई दिग्गज नेता संबोधित करेंगे और करनाल



की जनता से रूबरू होंगे। उन्होंने मौजूदा सरकार पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि इस सरकार में हर वर्ग परेशान और दुखी है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसान भी फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से परेशान है, जिसके चलते हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह करनाल की जनता से रूबरू होंगे और कांग्रेस की सरकार आने पर जो कल्याणकारी नीतियां चलाई जाएंगी उनके बारे में भी लोगों को जानकारी देंगे।
पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और इस लहर में मौजूदा सरकार का आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। बीजेपी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। इस मौके पर रोहतास लाठर, यूथ कांग्रेस के प्रधान मनिंदर सिंह, बाल किशन, ओम प्रकाश, रविंद्र, सुभाष, रमेश मलिक और बॉबी पांचाल आदि मौजूद रहे।

## नशे के चक्कर में फंसे युवाओं का निशुल्क नशा मुक्ति केंद्रों में उपचार संभवः डॉ. अशोक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा अयान इंटरनेशनल स्कूल नीलोखेड़ी में प्राचार्या डॉ.पूजा मल्होत्रा की उपस्थिति में 140वां एक दिवसीय एवं स्वामी श्रद्धानन्द वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीलोखेड़ी में प्रधान वीरेंद्र वर्मा और प्राचार्या अंजना अरोड़ा की उपस्थिति में 141वां जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के वरिष्ठ कवि मुलख राज आहुजा ने विशेष रूप से शिरकत की।



ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे जैसी भयंकर लत से दूर रहने को जागरूक किया। विस्तारपूर्वक नशे की परिभाषा, नशे के रूप, नशे के कारण और निवारण, नशा क्यों नहीं करना चाहिए।

## प्रवेश शर्मा बने उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के डायरेक्टर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने वरिष्ठ इंकम टैक्स वकील प्रवेश शर्मा को उनकी काबिलियत को देखते हुए उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम का डायरेक्टर बनाया गया। ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व प्रवेश शर्मा दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के डायरेक्टर पद पर दो बार कार्यरत रहे हैं। उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दिल से शुक्रिया करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन में सौंपी है, उसे बेहतर व इमानदारी से निभाऊंगा।

## 'दिसंबर तक निर्वाचित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मिलने की संभावना'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा गुरुद्वारा** सिख प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि जनवरी से पहले हरियाणा के सिखों को नई निर्वाचित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मिल जाएंगीए ऐसी संभावना हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों के लिए वोट बनवाने के प्रक्रिया एक सितंबर से शुरू हो जाएगी, जो कि 30 सितंबर तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक केशधारी सिख अपनी वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए सरकार सभी गुरुद्वारों स्कूलों तथा डेरों के साथ लोगों के करीब तक वोट बनवाने के लिए केंद्र बनवाए। वह करनाल के मंजी साहिब गुरुद्वारे में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक वोट बनेंगे। उसके बाद आपत्ति और स्क्रूटनी होगी। बाद में अंतिम रूप से वोटर लिस्ट बनेगी। उन्होंने बताया कि इसमें समय लग जाएगा। यदि वाहे गुरु की मेहर रही तो दिसंबर या जनवरी से पहले चुनाव हो जाएंगे।
उन्होंने बताया कि वह इसके लिए मनोहर सरकार के आभारी हैं। पहले उन्होंने कमेटी को दिलवाने में बाद में चुनाव के लिए आयोग गठित करने तथा अब वोट बनवाने की प्रक्रिया शुरू करवाने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी संगतों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में वोट बनवाएं। इससे प्रदेश में सिखों की असली ताकत का पता चल सकेगा। उन्होंने वोट बनवाने के लिए व्यक्ति का केश धारी और नशे से दूर होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि लंबे इंतजार के बाद पहला मौका सिखों को मिला है, जब वह अपने हरियाणा की अलग से बनी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लिए वोट डालेंगे। प्रदेश के ऐतिहासिक गुरुद्वारों के प्रबंधन के लिए सभी लोग ऐसी कमेटी चुनें, जो पंथ की मयार्दा बनाकर रखे और संगत की कसोटी पर खरी उतरे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 20 से 25 लाख वोटर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि अकेले करनाल में आज से 20 साल पहले 70 हजार वोटर थे। हरियाणा में आठ हलके थे।

## कैथल में हुआ पांच दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत जिला कैथल में पांच दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।। भारत देश के हर व्यक्ति को स्वस्थ करने का संकल्प लेकर चल रहे मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि मिशन द्वारा देश के हर कोने में मिशन द्वारा योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत कैथल में लगाए गए विशेष योग शिविर में मिशन की सह महिला प्रमुख योग शिक्षिका निधि गुप्ता ने शिविर के पहले दिन मौजूद साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया।



इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित इस शिविर में निधि गुप्ता ने विभिन्न योग क्रियाओं, आसनों, प्राणायाम का अभ्यास करवाया। स्कूल के प्रांगण में संचालित की जा रही योग कक्षा की शिक्षिका डॉ. रोजी गुप्ता, प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ने प्राणायाम का सत्र लिया। कक्षा की साधिकाओं ने निधि गुप्ता का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। उन्होंने ताड़ासन, त्रिकोणासन,वीरभद्र आसन, वृक्षासन, वीरासन करवाया। निधि गुप्ता ने शरीर के उत्तम स्वास्थ्य के लिए बताया कि आसन करने से पहले कुछ शारीरिक क्रियाएं और हल्का-फुल्का व्यायाम करना चाहिए, जिससे शरीर पूरी तरह से एक्टिव हो और ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाए। उन्होंने हर आसन का विस्तारपूर्वक निर्देशन करते हुए उनके लाभ बताए, जिससे शरीर पर उसका अधिकाधिक प्रभाव पड़ सके। उन्होंने कहा कि आसनों के द्वारा एकाग्रता की प्राप्ति होती है और तनाव, अवसाद एवं मानसिक कमजोरी में भी लाभकारी है। इन आसनों से बेहतर शारीरिक लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी सुधार होता है।

## अमर गायक मुकेश की पुण्यतिथि पर सजाई गीतों भरी शाम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अमर गायक** कलाकार मुकेश की पुण्य स्मृति में एक गीतों भरी शाम का आयोजन मंनिदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा सैक्टर सात स्थित सैंटर में किया गया। इस अवसर पर लीजेंड गायक मुकेश के गाए गीतों को गाकर उपस्थित कलाकारों ने उन्हें अपनी तरफ से गीतों भरी ट्रिब्यूट दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीम सैन नानगुरू रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुकेश की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन मनिंदर सिंह बब्बू ने किया। ध्वनि संयोजन अरविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम के संचालन में सहयोग विनय छाबड़ा ने दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुकेश जैसे गायक सदियों में पैदा होते हैं। सालों बीतने के बाद भी गीत सम्राट मुकेश का स्थान कोई नहीं ले पाया है। समय भी बदला हो, लेकिन आज भी मुकेश की आवाज लोगों को प्रेरणा देती है। मनिंदर बब्बू केरोके क्लब में मनाई जाने वाली मुकेश नाइट में गाए जाने वाले गीतों की प्रस्तुति ने लोगों को आल्हादित कर दिया। इस अवसर पर जितेंद्र बाली ने आ लौट के आजा मेरे मीत, योगेंद्र सियोदिया ने ओ जाने वाले हो सके लौट के आना, विनोद भाटिया ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे, श्ररणजी गिल ने चंचल शीतल निर्मल कोमल, विवेक वर्मा ने जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे। अनिल गिरधर ने तारों से सजकर अपने सूरज सेण्ने राकेश तलवार ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए जैसे गीत गाकर अमर गायक को गीतांजलि प्रस्तुत की।

## वाजिब कीमत चुकाकर बन सकते हैं गाय के मालिक

### फूसगढ़ स्थित गौशाला में दुधारू गाय खरीदने की खुली बोली 1 सितंबर को: अभिषेक मीणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** की देखरेख में संचालित फूसगढ़ स्थित गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गाय खरीदने की खुली बोली 1 सितंबर शुक्रवार को गौशाला परिसर में की जाएगी। इससे पहले भी दो बार बोली करवाई जा चुकी है। कोई भी व्यक्ति बोली में भाग लेकर अपनी पसंद की गाय खरीदकर उसका मालिक बन सकता है।
क्या है नियम- इस बारे निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में गायों की संख्या काफी बढ़ गई है। हालांकि इनकी देखरेख के लिए सभी इंतजाम मौजूद हैं। इनमें दुधारू व



गर्भवती गाय हैं। नगर निगम की ओर से इनकी ब्रिकी का कार्यक्रम बनाया गया है, जितनी गाय बिकती रहेंगी, उनकी जगह सडक पर भटकती गायों को उठाकर इसमें रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीत गई बोली में 10 गाय, करीब 1 लाख 22 हजार रुपये में बिक चुकी हैं। अब 1 सितंबर को भी इसी तरह की बोली का कार्यक्रम बनाया गया है, जो प्रातः 10 बजे गौशाला परिसर में की जाएगी। वर्तमान में ऐसी गायों की संख्या 52 के करीब है। बोली को लेकर तय किए गए नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकता है। इसके लिए 5 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी। रिजर्व प्राईस भी 5 हजार रुपये रखा गया है। एक सिक्योरिटी पर 3 गायों की बोली दे सकते हैं। बाकि के नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। लेकिन बोली के बाद गाय लेने से मना करने पर सिक्योरिटी राशि वापिस नहीं दी जाएगी।
गायों की बोली के लिए कमेटी गठित- उन्होंने बताया कि गायों की बोली को लेकर जो प्रकिया अमल में लाई जाएगी, उसके लिए उप निगमायुक्त विनोद नेहरा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें वरिष्ठद लेखा अधिकारी, सचिव, मुख्य सफाई निरीक्षक व गौशाला के केयर टेकर शामिल गए हैं।

## संपादकीय

# आत्मनिर्भर भारत का अभूतपूर्व अंतरिक्ष अध्याय

**नए** भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- वयं अमृतस्य पुत्राः। हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है।यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है।

# मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने?

**प्रियंका सौरभ**

> द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है। लड़कों से ज्यादा बौद्धिक प्रतिभा होते हुए भी उसे ऊंची शिक्षा से वंचित रखा जाता है, क्योंकि आखिर उसे घर ही तो संभालना है। उसे नयी सभ्यता और नयी संस्कृति से अनजान रखा जाता है

**राखी** के त्योहार का मतलब केवल बहन की दूसरों से रक्षा करना ही नहीं होता है बल्कि उसके अधिकारो और सपनों की रक्षा करना भी भाई का कर्तव्य होता है, लेकिन क्या सही मायनों में बहन की रक्षा हो पाती है। आज के समय में राखी के दायित्वों की रक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों, भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते है। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक़्त क्या दशा होती है इसके लिए शब्द नहीं है। रंग-बिरंगे धागे से बंधा ये पवित्र बंधन सदियों पहले से हमारी संस्कृति से बहुत ही गहराई के साथ जुड़ा हैं।

यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है। भाई-बहन के आपसी अपनत्व, स्नेह और कर्तव्य बंधन से जुड़ा त्योहार भाई-बहन के रिश्ते में नवीन ऊर्जा और मजबूती का प्रवाह करता है। बहनें इस दिन बहुत ही उत्साह के साथ अपने भाई की कलाई में राखी बांधने के लिए आतुर रहती हैं। जहां यह त्योहार बहन के लिए भाई के प्रति स्नेह को दशार्ता है तो वहीं यह भाई को उसके कर्तव्यों का बोध कराता है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया



की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं।

जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। रंग-बिरंगे धागों में अब अपनत्व की भावना और प्रेम की गर्माहट कम होने लगी है। एक समय में जिस तरह के उसूल और संवेदना राखी को लेकर थी शायद अब उनमें अब रुपयों के नाम की दीमक लगने लगी है फलस्वरूप रिश्तों में प्रेम की जगह पैसे लेने लगे हैं। ऐसे में संस्कृति और मूल्यों को बचाने के लिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधी राखी का सम्मान करने की। क्योंकि राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्तें कैसे बन पाएंगे। इतिहास मे कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमे युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी मे से एक टुकड़ा बाँध दिया था, और इस उपकार के बदले श्री कृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट मे द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था। कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अतः उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुँच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई।

द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है। लड़कों से ज्यादा बौद्धिक प्रतिभा होते हुए भी उसे ऊंची शिक्षा से वंचित रखा जाता है, क्योंकि आखिर उसे घर ही तो संभालना है। उसे नयी सभ्यता और नयी संस्कृति से अनजान रखा जाता है, ताकि वह भारतीय आदर्शों व सिद्धांतों से बगावत न कर बैठे। इन विपरीत हालातों में उसकी योग्यता, अधिकार, चिंतन और जीवन का हर सपना कसमसाते रहते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि राखी के इस परम पावन पर्व पर भाइयों को ईमानदारी से पुनः अपनी बहन ही नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत की सुरक्षा और सम्मान करने की, कसम लेने की अहम जरूरत है। तभी ये राखी का पावन पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार धरती पर शाश्वत रह पायेगा। यह पर्व भारतीय समाज में इतनी व्यापकता और गहराई से समाया हुआ है कि इसका सामाजिक महत्त्व तो है ही, धर्म, पुराण, इतिहास, साहित्य और फि ल्में भी इससे अछूते नहीं हैं। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता या एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। लेकिन अब प्रेम रस में डूबें रंग-बिरंग धागों की जगह चांदी और सोने की राखियों ने ली तो सामाजिक व्यव्हार में कर्तव्यों को समझने के बजाय रिवाज को पूरा करने कि नौबत आई। प्रेम और सद्भावना की जगह दिखावे ने ले ली। तभी तो रक्षा-बंधन के दिन सुबह उठते ही हर किसी के स्टेटस पर बस रक्षाबंधन की तस्वीरें और वीडियो की भरमार होती है, अब बहनों की जगह ई-कॉमर्स साइट ऑनलाइन आर्डर लेकर राखी दिये गये पते पर पहुँचाती है। अगर हम सोशल मीडिया पर दिखावे की जगह असल जिंदगी में इन रिश्तों को प्रेमरुपी जल से सींचा जाए तो हमेशा परिवार में मजबूती बनी रहेगी। राखी के त्योहार का मतलब केवल बहन की दूसरों से रक्षा करना ही नहीं होता है बल्कि उसके अधिकारो और सपनों की रक्षा करना भी भाई का कर्तव्य होता है, लेकिन क्या सही मायनों में बहन की रक्षा हो पाती है। आज के समय में राखी के दायित्वों की रक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है। राखी के दिन केवल अपनी बहन की रक्षा का संकल्प मात्र नहीं लेना चाहिए नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत के मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए ताकि सही मायनों में राखी के दायित्वों का निर्वहन किया जा सके। रक्षाबंधन पर्व पर हमें देश व धर्म की रक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए।

## कविता

**तपती दोपहरी में गंगा।**

पुण्य सलिला मां
गंगा की तरह
5 माह की नन्हीं
छोटी गंगा,
भोली,अबोध,
तपती दोपहर में
शहर में बनती
कई मंजिला अट्टालिका
के नीचे
कंक्रीट की छांव में
अपनी मां की ओढ़नी
के बिछौने पर लेटी
किलकारी मारते
आसमान की तरफ
ताक रही थी,
उसे भान नहीं था
उसकी मां अपनी छाती
में गंगा के लिए
दूध तैयार करने के
लिए
भवन निर्माण में
तपती दोपहर में
मेहनत करती
पसीना बहाती
अपना शरीर तोड़ रही
थी।
गंगा को गुमान
नहीं है
दुनिया की कठोरता
मलिनता,
कुत्सित भावनाओं का,
उसे यह भी नहीं मालूम
की उसके जैसी
जाने कितनी मासूम
गंगा यूक्रेन युद्ध में
अपनी मां से बिछड़
कर
दुनिया त्याग चुकी है।
तपती दोपहर में
लेटी यह गंगा
शायद यह भी
यह भी नहीं जानती
कि पुण्य सलिला मां
गंगा की तरह
कितने दिन तक
बारूद, धूल,
हिंसा, युद्ध और
मानव की बढ़ती
लोलुप भावनाओं से
वह दूर रहकर
कब तक पवित्र और
साफ-सुथरीऔर
मासूम और सुरक्षित
रह पाएगी।

**संजीव ठाकुर**

## रक्षाबंधन: भाई-बहन का प्यार

**-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**हिन्दुओं का** पवित्र पर्व रक्षाबंधन श्रावन मास की पूर्णिमा को देशभर में मनाया जाता है। कहा जाता है कि जब देवताओं और राक्षसों में युद्ध हुआ तो इन्द्र की पत्नी साची ने अपने पति को राखी बांधी और इस तरह इन्द्र उस युद्ध में विजयी हुए। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने अपने प्रिय हाथी, एरावत को कमल-पुष्प लाने भेजा। तालाब से फूल इक्ट्ठे करके हाथी जैसे ही पीछे को मुड़ा एक मगरमच्छ ने उसका पाँव अपने मजबूत जबड़ों में पकड़ लिया। दोनों में बहुत देर तक खींचतान होती रही। जब हाथी निढाल हो गया और उसे अपना अन्त निकट दिखाई दिया तो उसने पुष्प भेंट करते हुए प्रभु से प्रार्थना की। तभी भगवान प्रकट हुए और एरावत को मगरमच्छ से बचाया। यह पर्व स्लोनो के नाम से भी जाना जाता है, फारसी में जिसका अर्थ है-नववर्ष का दिन। इस दिन बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि के लिए उनकी कलाई पर राखी बांधती है और कामना करती है कि हर खतरे और कठिनाई में यह राखी उनकी रक्षा करेगी। जब सिकन्दर ने भारत पर हमला किया तो उसने ग्रीक प्रिंसिस को राजा पोरस के दरबार में भेजा। उसने पोरस की कलाई पर राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन ले लिया। उसके बाद युद्ध के दौरान सिकन्दर को बंदी बना लिया गया लेकिन प्रिंसिस को दिए गए वचन के कारण पोरस ने सिकन्दर को कुछ नहीं कहा और उसे छोड़ दिया। इसी तरह एक हिन्दू रानी ने जब बादशाह हुमायूं को राखी भेजी तो उसने आकर रानी की रक्षा की। आज ही के दिन ब्राह्मण अपना जनेऊ बदलते है। महाराष्ट्र में इस पर्व पर समुद्र को नारियल अप्रित किए जाते हैं इसलिए इस दिन को नारियली पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन नारियल फोड़कर किसी नये कार्य को आरम्भ करना शुभ माना जाता है। पारसी लोग इस दिन समुद्र को नारियल भेंट करके जल देवता की अर्चना करते हैं।

यह बात अत्यन्त रोचक है कि हमारे प्रत्येक सामाजिक एवं धार्मिक संस्कार - जन्म-मृत्यु, पूजा-पाठ, विवाह, व्रत और त्यौहार - के साथ नारियल जुड़ा है। क्या कभी हमने सोचा है कि उसके पीछे क्या कारण है? यदि हम नारियल को ध्यान से देखें तो हमें इसके ऊपर तीन आँखें बनी हुई दिखती हैं जिसमें तीसरी आँख, शिवनेत्र का द्योतक है जो कि दोनों आँखों के मध्य स्थित दिव्य-चक्षु का स्मरण कराता है। नारियल के मीठे पानी का स्वाद पाने के लिए हमें उसमें छेद करना होगा। इसी तरह अपने भीतर स्थित प्रभु को पाने के लिए हमारी तीसरी आँख का खुलना जरूरी है। इसी तरह जनेऊ-संस्कार किस ओर इंगित करता है? अपने गुरू से दीक्षा प्राप्त करने के बाद, शिष्य द्वारा जीवनपर्यंत धारण किया जाने वाला जनेऊ, गुरू से ग्रहण किए गए मंत्र में निहित संदेश की याद दिलाता है और वो है आत्म-ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रभु का साक्षात्कार। एक पूर्ण सत्गुरु प्रभु-प्राप्ति के लक्ष्य को पाने में मददगार होता है और हर प्रकार से शिष्य की रक्षा और संभाल करता है। एक बहन जब अपने भाई को राखी बाँधती है तो वह उसकी रक्षा करने का वचन देता है। लेकिन भाई की रक्षा कौन करेगा? कौन है जो इस जीवन में और इसके बाद हमारी रक्षा करने में समर्थ है? केवल एक सच्चा गुरु, जीवन के उतार-चढ़ाव और संकट में हमारी सहायता करता है। वह हमें दीक्षा देकर एक अदृश्य रक्षाबंधन से बाँध देता है जो पल-पल हमारी रक्षा करता है।

## विचार

# कोटा में बाहर से आकर पढ़ रहे छात्र प्रान्त की अमानत है

**अशोक भाटिया**

गहलोत सरकार को सोचना चाहिए कि माना जाता है कि हर साल करीब ढाई से तीन लाख बच्चे कॉम्पिटिशन की कोचिंग लेने कोटा पहुंचते हैं। इनमें बड़ी संख्या में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के बच्चे होते हैं। राजस्थान के कोटा शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले जेहन में जो खयाल आता है, वो है यहां के कोचिंग इंस्टीट्यूट। भारत के कई शहरों के बच्चे अच्छे इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में दाखिले का सपना लेकर इस शहर में आते हैं।कुछ साल पहले तक बिहार, झारखंड या मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लिए पटना, रांची, बोकारो, इंदौर और दिल्ली, ऐसी कोचिंग का पसंदीदा केंद्र हुआ करता था। जिन अभिभावकों की आर्थिक स्थिति थोड़ी बेहतर होती थी, वे बच्चों को कोचिंग के लिए भारत के दक्षिणी शहर चेन्नई भी भेजा करते थे। लेकिन उत्तर भारत के शहरों से कोटा करीब है और अब कोटा इस तरह की कोचिंग का हब बना हुआ है। बताते हैं कि साल 2004 और उसके आसपास से कोटा में कोचिंग कर रहे बच्चे इंजीनियरिंग के कॉम्पिटिशन में टॉप रैंकर रहने लगे। उसी समय से बच्चों और अभिभावकों का रुझान कोटा की तरफ होने लगा। इन बच्चों के पेरेंट्स द्वारा चुकाई जाने वाली मोटी फीस की बदौलत कोटा की अर्थ व्यवस्था ने ऊंचाइयां छुई हैं। कोचिंग का कारोबार दो हजार करोड़ रुपये का माना जाता है। शहर में एक दर्जन से अधिक कोचिंग इंस्टीट्यूट चल रहे हैं, जिनमें 5-6 इंस्टीट्यूट का कारोबार तो अरबों रुपयो का है। कोचिंग करने वाले आए बच्चों की वजह से कोटा में लगभग चार हजार हॉस्टल चल रहे हैं। इतने ही पीजी हैं। सैकड़ों मेस, रेस्टोरेंट, बुक डिपो, जिम आदि का कारोबार भी कोचिंग की वजह से फला-फूला है। कोचिंग इंस्टीट्यूट तो चांदी कूट रहे हैं लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या वह बच्चों को मौत के मुंह से जाने से बचाने के लिए भी कुछ कर रहे हैं? यह सवाल इसलिए उठता है कि स्टूडेंट्स की बढ़ती सुसाइड इन इंस्टीट्यूट्स पर भी सवालिया निशान खड़े करती है। वर्ष 2016 में कोटा में सुसाइड करने वाली गाजियाबाद की कृति त्रिपाठी ने सुसाइड नोट में लिखा था, "मैं भारत सरकार और मानव संसाधन विभाग से अपील करती हूं कि जितनी जल्दी हो सके, कोचिंग संस्थानों को बंद कर देना चाहिए। कोचिंग संस्थान खून चूसते हैं।" उस समय कृति का सुसाइड नोट खूब चर्चा में रहा था लेकिन बाद में किसी को कुछ याद नहीं रहा। जब कोई बच्चा सुसाइड करता है तो कुछ दिन उसकी चर्चा होती है लेकिन बाद में सब भुला दिया जाता है। कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की सुसाइड के मामलों पर राजस्थान हाई कोर्ट चिंता जता चुका है। राज्य सरकार का उच्च शिक्षा विभाग कोटा समेत राज्य भर में चल रहे कोचिंग सेंटरों में पढ़ रहे बच्चों को मानसिक संबल और सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई बार दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। अब इस सप्ताह भी कोटा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे 2 छात्रों ने सुसाइड कर लिया । इन छात्रों की मौत से पूरे इलाके में नये सिरे से हड़कंप-सा मच गया । जानकारी दे दें कि नीट की तैयारी कर रहे दो छात्रों की रविवार को आत्महत्या कर ली, जिससे इस साल कोटा में मरने वाले छात्रों की संख्या 23 हो गई है।बता दें कि साल 2015 के बाद से यह संख्या अब तक की सबसे ज्यादा है, वहीं, 23 में से छह मौतें अकेले अगस्त माह में हुईं है । मिली जानकारी के मुताबिक, मरने वाला एक छात्र महाराष्ट्र का था, जिसकी उम्र 16 वर्ष थी, छात्र ने कोटा के विज्ञान नगर इलाके में अपने कोचिंग संस्थान की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। उस किशोर ने दोपहर में निर्धारित साप्ताहिक टेस्ट देने के बाद अपने कोचिंग संस्थान में यह कदम उठाया। वहीं, महज 6 घंटे बाद, बिहार का एक 18 वर्षीय छात्र अपने कमरे की छत के पंखे से लटक गया। बिहार का किशोर अपनी बहन और चचेरे भाई के साथ कुनाडी इलाके में एक किराए के अपार्टमेंट में रह रहा था। बताया जाता है कि उसी शाम उसके भाई-बहनों ने उसे


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रल के समंदर से भी गंगाजल निकलेगा।

**सुनील कुमार महला**

**आज** के इस आधुनिक युग में हमारी युवा पीढ़ी स्वयं को हर तरफ तनाव, अवसाद व अकेलेपन से घिरी हुई महसूस करती है। अवसाद, तनाव व अकेलेपन से आज भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में आत्महत्या के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है और यह बहुत ही संवेदनशील होने के साथ ही अत्यंत चिंताजनक भी है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2021 में दुनियाभर में आठ लाख लोगों ने आत?महत?या की और हमारे देश में 1,64,033 ने आत?महत?या करके अपनी जान गंवाई। आंकड़े बताते हैं कि अब भी दुनियाभर में हर साल आत?महत?या से लगभग 10 लाख लोग जान गंवाते हैं, जो युद्ध या अन?य हिंसक मौतों का लगभग 50 प्रतिशत है। सच तो यह है कि आज के समय में आत्महत्या एक प्रकार से महामारी का रूप धारण करती चली जा रही है। आखिर इसके पीछे कारण क्या हैं ? तो जानकारी देना चाहूंगा कि आज टीवी व मोबाइल संस्कृति भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। टीवी और मोबाइल संस्कृति ने हमारे आपसी संवाद को बहुत कम कर दिया है और वर्चुअल दुनिया में हम खोये रहते हैं। आज न तो माता पिता, अभिभावकों, रिश्तेदारों के पास अपने बच्चों, सगे-संबंधियों के लिए समय बचा है और न ही हमारी युवा पीढ़ी के पास। सभी अपने आप में व्यस्त हैं। कम्प्यूटर, इंटरनेट, व्हाट्स एप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर संस्कृति ने हमारी खेल संस्कृति को एक प्रकार से डस लिया है और किशोर और युवा वर्ग इनमें (इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट आदि) में बहुत ही व्यस्त हैं। आज आपसी सहयोग, मेल मिलाप,टीम भावना, भाईचारा, आपसी सौहार्द विकसित करने वाले, शरीर में स्फूर्ति प्रदान करने वाले और खुशी-उत्साह बढ़ाने वाले खेल अब लगातार विलुप्त होते चले जा रहे हैं?। शायद यही वजह और कारण भी है कि आज के इस आधुनिक युग में ना तो बाहरी रिश्तों में ही सुकून नजर आता है और ना ही ना घर-परिवार के रिश्तों में शांति और सुकून ही नजर आते हैं। आपसी दोस्ती व, रिश्तों -नातों और आपसी संबंधों का सुगठित ताना-बाना अब लगातार उलझता नजर आ रहा है।

## सब झोल है झोल!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**स्वतंत्रता** ने ईमानदारी को इनबिल्ट किया तो आत्मनिर्भरता ने उसे एक्सेसरी बना दिया। लगाना है तो लगाइए नहीं तो आपकी मर्जी। ऐसी मर्जी वाले जो कहते हैं वे करते नहीं। जो करते हैं वे बताते नहीं। जो बताते हैं वह होता नहीं। सब झोल है, झोल। एक थे गांधी जी जो खड्ग बिना ढाल के अहिंसा को परिभाषित करते थे, और आज है कि लाठी-गोली चलाकर अहिंसा और शांति को नए सिरे से परिभाषाति किया जाता है। सब झोल है, झोल। सत्य किताबों और असत्य सड़कों पर घूमने और झूमने के लिए बने हैं। पेड़ लगाने के लिए पहले पेड़ काटने का ठेका दिया जाता है। फिर लगाए हुए पेड़ों पर चरने के लिए गाय-बैलों को छोड़ दिया जाता है। सब झोल है, झोल। एक तरफ नशाखोरी के खिलाफ विज्ञापन चलायेंगे, दूजी ओर उसी विज्ञापन के लिए शराब की बिक्री से पैसा बटोरेंगे। हाथी केवल जंगलों में नहीं हम भी होते हैं। दिखाने और खाने के दाँत हमेशा मेन्टेन करते हैं। हिंदी की महत्ता के बारे में भाषण झाडेंगे अंग्रेजी में और खुद को बड़ा हिमायती बतायेंगे। यही तो आजादी है।

योजनाओं के नाम पर योजना बनायेंगे। बनायी गई योजना को लागू नहीं करेंगे। लागू करने की बारी आएगी तो उसे रोक देंगे। बनाने, लागू करने और रोकने वाले खुद को सबसे बड़ा चालू समझने से बाज नहीं आते। सीधी उंगली विपक्षी नेता को प्यार से बुलाना है, न आने पर ईडी-सीबीआई की टेढ़ी उंगली कर जबरन शामिल कर लेना है। अपनी गलती पर कमीशन बैठाना, विपक्षी गलती पर फरमान सुनाना स्वतंत्रता का असली गुरुमंत्र है। जब तक विपक्ष में रहें पूंजीपतियों को गरियाना और जैसे ही सत्ता में आ जाएँ तब उनके तलवे चाटना यही फंडा बनाकर प्राइवेट के खिलाफ पब्लिक सेक्टर को और पब्लिक सेक्टर के खिलाफ प्राइवेट सेक्टर को खड़ा करके खुद बीच में खड़ा हो जाना स्वतंत्रता का मतलब होता है। मामला जस का तस अड़ने पर अपने स्वार्थ की रोटियाँ सेंकने का अवसर मिलता है। युवाओं को मौका देने के नाम पर खुद को छूट देना, मालदार पोर्टफोलियो झोली में रखकर संतरियों में रूखा-सूखा फेंक देना सबसे बड़ा झोल है, झोल। स्वतंत्रता वह हवा है जो फुले हुए जनता के गुब्बारे में होता है, जिस पर एक सुईं मारने पर सब कुछ टांय-टांय फिस्स हो जाता है।

# नीरज के गोल्ड मेडल जितने पर डीसी ने दी बधाई

## नीरज चौपड़ा के नाम से गांव खण्डरा में एक सप्ताह के अन्दर बनेगा भव्य स्वागत द्वार : डीसी



**देश को नाज**

**वे इस खुशी को बांटने के लिए ही उनके परिवार से मिलने आए हैं और बधाइयां देने आए हैं : डीसी**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**हंगरी के** बुडापेस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। 40 साल के इतिहास में पहली बार किसी हिंदुस्तानी खिलाड़ी ने यह गोल्ड हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर सोमवार को जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया उनके गांव खंडरा में उनके परिवार से मिल कर बधाइयां देने गए।

उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नीरज चोपड़ा ने जिस तरह से बूढ़ा पोस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है उसे भारत का गौरव बड़ा है उनकी इस सफलता पर सबको फक्र है,सबको नाज है।

उन्होंने कहा कि वे इस खुशी को बांटने के लिए ही उनके परिवार से मिलने आए हैं और बधाइयां देने आए हैं यह पूरे राष्ट्र की पूरे भारत देश की खुशी है जिसमें हम सब शामिल हैं उन्होंने नीरज चोपड़ा के भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह इसी तरह नित आसमान की ऊंचाइयों को छूता रहे। डीसी डॉ0 वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर नीरज के गांव खंडरा में जिला प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत द्वार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानीपत जिला का नाम नीरज चोपड़ा ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है,उनकी इस जीत ने पानीपत का नाम और मान ओर आगे बढ़ाया है। डीसी ने नीरज की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नीरज युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणा हैं और उनकी जीत पर हर बार लोगों को नई ऊर्जा मिलती है।

# मांगों को लिखित में न मिलने पर किसानों ने फिर शुरू किया धरना



**विरोध**

**सरसीनी गांव के युवा किसान रविंद्र सिंह की टांग कटने पर उनको इलाज का खर्च व नौकरी देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) विभिन्न मांगो को** मानकर घोषणा न होने पर किसानों ने अपना धरना शहर नई अनाज मंडी में अपना धरना फिर से शुरू कर दिया है। किसानों का धरना छठे दिन में प्रवेश कर गया। किसान भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेतृत्व में सरसीनी गांव के युवा किसान रविंद्र सिंह की टांग कटने पर उनको इलाज का खर्च व नौकरी देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

प्रशासन के साथ किसानों की इस बारे में कई बार वार्ता हो चुकी है, मगर किसान पक्का आश्वासन लिखित में देने की मांग पर अड़े हैं। रविवार को भी नई अनाज मंडी में धरना जारी रहा।

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी ने बताया कि किसानों की मांग है कि उनको लिखित में आश्वासन दिया जाए, ताकि युवा किसान रविंद्र सिंह का सहयोग हो सके। उन्होंने बताया कि आज इस बारे में किसान संगठनों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। अगर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करना पड़ा तो किसान पीछे नहीं हटेंगे।

दरअसल, बीते मंगलवार को किसानों को चंडीगढ़ प्रदर्शन के लिए कूच करना था, मगर पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए थे। किसान चंडीगढ़ नहीं जा पाए थे और सुबह से रात तक हिसार-चंडीगढ़ बाइपास पर जमीतगढ़ व घेल के पास किसानों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दिन ही लोहगढ़ में युवा किसान रविंद्र सिंह की ट्रैक्टर के पहिये के बीच टांग आने से कट गई थी।

उस दौरान रविंद्र को चंडीगढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया था और वह वहीं उपचाराधीन है। अब किसान रविंद्र को इलाज का खर्च और नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। शनिवार को भी किसानों के धरना स्थल पर पुलिस अधिकारी पहुंचे थे, मगर कोई बात नहीं बन पाई थी। इसी को लेकर किसान शुक्रवार को उपायुक्त को भी मिले थे। किसानों का कहना है कि जब तक डीसी अम्बाला उन्हे लिखित में नहीं देते तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

**न्यूज फ्लैश**

## विधि विवि का प्रतिनिधिमंडल ने टेली-लॉ कार्यक्रम में लिया भाग



**सोनीपतः कानून और न्याय** मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा दिशा योजना के तहत टेली-लॉ कार्यक्रम में डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत की प्रो बोनो क्लब की टीम ने सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में भाग लिया. कार्यक्रम में कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने टेली-लॉ २.० का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा न्याय बंधु निशुल्क कानूनी सेवाओं के साथ टेली-लॉ सेवाओं का एकीकरण, कानूनी सहायता तक नागरिकों की पहुंच बढ़ाना और कानूनी सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना शामिल है।समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, कानूनी विशेषज्ञों और विद्वानों का समूह उपस्थित रहा. प्रो-बोनो क्लब के संयोजक जशनदीप कौर, संकाय और संयोजक डॉ. निशांत जिलोवा, तनाया, कृष्णा, और सुरभिप्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए।इस कार्यक्रम ने टेली-लॉ और न्याय बंधु निशुल्क कानूनी सेवाओं के बीच औपचारिक एकीकरण को चिह्नित किया, जिसका प्रतीक राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। एक जानकारीपूर्ण फिल्म ने टेली-लॉ की यात्रा को प्रदर्शित किया, जिसका उद्देश्य कानूनी सहायता चाहने वालों और निःशुल्क अधिवक्ताओं के बीच सीधा संबंध स्थापित करना है, एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है जो सुलभ न्याय की गारंटी देता है। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो बोनो क्लब के सदस्य सक्रिय रूप से कार्यक्रम की चर्चाओं, प्रस्तुतियों और बातचीत पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. निशांत जिलोवा ने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें प्रौद्योगिकी और कानूनी सेवाओं के बीच के अंतर को पाटने के लिए अपनाए गए नवीन दृष्टिकोणों में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि टेली-लॉ और न्याय बंधु का एकीकरण नागरिकों की सेवा के लिए कानूनी विशेषज्ञता और तकनीकी समाधानों के संयोजन के लिए एक सराहनीय मिसाल कायम करता है।

## प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाईयों पर लगेंगे ताले

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**औद्योगिक नगरी** में बढ़ते वायु व जल प्रदूषण को नियंत्रण करने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को साफ शब्दों में चेताया कि वे शहर को साफ सुंदर व प्रदूषण मुक्त देखना चाहते हैं इस पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकते। जरूरत पड?.पर प्रदूषण फैलाने वाली ईकाईयों पर ताले लगाने की नौबत आई तो पीछे नहीं हटेंगे। उपायुक्त ने इस संदर्भ में सोमवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की व अधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण करने के आदेश दिये। उपायुक्त ने कहा कि वे शहर को साफ सुंदर व स्वच्छ देखना चाहते हैं। इसके लिए सभी विभागों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।



उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की जो औद्योगिक ईकाईया पानी के जरीये प्रदूषण फैला रही है उन इंडस्ट्री को आईडेंटीफाई करें व उन्हें नोटिस भेजें। उपायुक्त ने आदेश दिये की प्रदूषण को कम करने को लेकर जो औद्योगिक ईकाईयां अमल नहीं करती उन पर एक्शन लिया जायेगा व एक महीने के समय के बाद उन पर ताला लगाया जा सकता है। वे इस बात को ना भुलें। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से पानी व वायु प्रदूषण पर कैसे नियंत्रण किया जा सकता है सुझाव भी मांगे।

# विधानसभा का घेराव करने जा रही आशा वर्करों को अंबाला में रोका



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) आशा** वर्कर ने अपनी मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए जाना था लेकिन सरकार द्वारा आशा वर्कर चण्डीगढ़ न पहुंचने के लिए सख्त कदम उठाए गए। यहां तक की प्रदर्शन करने जा रहे कुछ आशा वर्कर को रास्ते में ही रोक दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि लोकतंत्र में प्रदर्शन का अधिकार सबको है लेकिन उन्हें विरोध करने से भी रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कितना भी यत्न कर ले उनका आंदोलन न ही कम होगा और न ही रूकेगा। इसीलिए वह अपना आंदोलन इसी प्रकार जारी रखेगी। कुछ आशा वर्करों ने बताया कि उन्हें कोलां के पास ही रोक दिया गया जबकि कुछ आशा वर्कर तो अपने नन्हे बच्चों के साथ थाना बलदेव नगर में बैठी हुई नजर आई। यहां पर इन महिलाओं ने बताया कि पुलिस प्रशासन उन्हें चण्डीगढ़ नही जाने दे रहा। करनाल से आई मीना ने बताया कि 7 तारीख से उनके साथी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें चण्डीगढ़ जाने से रोकने के लिए बसों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने जगह-जगह पर नाके लगाए। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों से सरकार घबरा गई है। इसी लिए उन्हें प्रदर्शन से भी रोकना चाहती है।

## बरसात के कारण सड़कों पर गिरे पेड़, यातायात हुआ बाधित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गत** दिवस सुबह लगभग सुबह 10 बजे आए तेज तुफान के साथ जोरदार बरसात हुई। इस दौरान जिले में कई पेड़ उखड़ गए जिसके चलते यातायात भी प्रभावित रहा। अंबाला छावनी बस स्टैण्ड के नजदीक एक शेड सड़क पर आ गिरा। इस हादसे में सड़क पर खड़े दो लोगों को चोटें आई। सूत्रों अनुसार चिड़ी मार मौहल्ले का एक युवक और उसके साथ वहां मौजूद बहादूर शेड गिरने से घायल हो गया। इसी प्रकार अंबाला छावनी बस स्टैण्ड से केपिटल सिनेमा की ओर जाने वाले रोड़ पर भी एक विशाल पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा। शाहबाद सढौरा मार्ग पर भी तेज तूफान आने के कारण कई पेड़ गिरे।

# शिक्षा विभाग का मुफ्त साइकिल मेला आजः सुधीर कालड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**ॉ मौलिक** शिक्षा हरियाणा की बच्चों को मुफ़्त साइकिल योजना के अनुसार जिला मौलिक शिक्षा विभाग अम्बाला द्वारा आज सुबह 8 बजे सरकारी स्कूल पुलिस लाइन, अम्बाला शहर में जिला स्तरीय साइकिल मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चे अपनी मनपसंद साईकिल के लिए खरीद का ऑर्डर दे पाएंगे। सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अम्बाला ने बताया कि कक्षा छटी के अनुसूचित जाति के उन विद्यार्थियों को जिनके अपने गाँव वार्ड में कक्षा छटी तक का विद्यालय नहीं है तथा उन्हें अपने गाँव/कस्बे से 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके विद्यालय जाना पड़ता है, ऐसे विद्यार्थीयों को साइकिल खरीदने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अनुदान राशि उपलब्ध कारवाई जाती है।



इस योजना के अंतर्गत साइकिल खरीद के लिए विभाग द्वारा बच्चों के खाते में 20 इंची साइकिल के लिए 2800 रुपये व 22 इंची साइकिल के लिए 3000 रुपए की प्रतिपूर्ति राशि डाली जाएगी। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिला अम्बाला के साइकिल बेचने वाले दुकानदार, डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर व निमार्ता इत्यादि उक्त तिथि को आयोजित होने वाले मेले में अपने-2 साइकिल के माडल संबंधित विद्यालय में प्रदर्शित करे और जिन पर बड़े-बड़े अक्षरों में रेट का उल्लेख हो ताकि बच्चों को साइकिल पसंद करने में कोई परेशानी न हो।

## न्यायधीश पानीपत ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पंजाब एवं** हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के आदेशों की अनुपालना में सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत ने प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत के साथ जिला जेल का निरिक्षण किया।

इस दौरान जिला जेल निरीक्षक देवी दयाल व गीता रानी, कुलदीप हुडा, जोगिंदर देसवाल जेल उप निरीक्षक उपस्थित रहे । इस निरीक्षण के दौरान सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायधीश ने कैदियों के खान पान , रहन सहन आदि के बारे में जाना।

# भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल ने किया कार्यालय का शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारतीय** जनता पार्टी के जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा ने अपने कार्यालय का विधिवत हवन यज्ञ कर शुभारंभ किया,कार्यालय का शुभारंभ सेक्टर-15 ऐल०आई०सी ऑफिस के निकट किया गया, उद्घाटन कार्यक्रम में सुबह से ही समर्थकों का ताता लगा रहा, उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राई से विधायक मोहनलाल बडोली ने जिला महामंत्री योगेश पाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि लंबे समय से योगेश पाल संगठन के लिए काम कर रहे है, नए कार्यालय में अटल सेवा केंद्र भी खोला गया है, जिससे जन समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी,मोहन लाल बडौली ने कहा विकास कार्यो के क्रियान्वयन में भाजपा ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया,सबका साथ सबका विकास को लेकर पार्टी काम कर रही है।।

इस अवसर पार भाजपा नेता योगेशपाल ने सोनीपत की जनता का आभार प्रकट किया उन्होंने कहा की वह दिल से सोनीपत की देवतुल्य जनता का दिल से धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हजारों की संख्या में आकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। कार्यालय के उद्घाटन में उन्होंने सोनीपत की जनता ने बतौर मुख्य अतिथि बुलाया था। उद्घाटन अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष तीरथ राणा, गन्नौर से भाजपा युवा नेता देवेंद्र कादयान,सोनीपत की सभी मार्केट एसोसिएशन,सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाऐं व शहर के बहुत से गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# इसरो के पूर्व अध्यक्ष एमजी के मेनन की जयंती मनाई गई



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल परिसर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र इसरो के पूर्व अध्यक्ष एमजी के मेनन की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक जसवीर ग्वालडा ने की और आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य और उप्राचार्य राजकुमार शास्त्री ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ तथा समापन शांति पाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु गुप्ता और आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद किया। इसरो के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉक्टर एमजी मेनन का जन्म 28 अगस्त 1928 को कर्नाटक के मंगलौर में पिता के एस मेनन के घर हुआ इनकी माँ का नाम लक्ष्मी मेनन था। इन्होंने पीएचडी की पढ़ाई ब्रिस्टॉल विश्वविद्यालय यूके से पूरी की उन्होंने कहा कि इसरो के निरंतर प्रयास धैर्य और साहस का ही परिणाम है कि 23 अगस्त को भारत ने चंद्रयान के माध्यम से वह कर दिखाया जो आज तक विश्व का कोई भी देश नहीं कर पाया। इससे बड़ी सफलता यह भी है कि चंद्रयान 3 लगातार विशेष सूचनायें भारत को दे रहा है उन्होंने कहा कि आर्य शिक्षण संस्थानों में विज्ञान विषयों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है और अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करके भी बच्चों को श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया जाता है उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर परआर्य बाल भारती परिसर में 29 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक वैदिक श्रावणी पर्व समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि आर्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान आचार्य योगेश भारद्वाज होंगे। जबकि समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान करेंगे। इस समारोह में हरियाणा के वैदिक धर्म के अनेक विद्वान भाग लेंगे।

# बिजली बिलों को लेकर आप ने निकाली बिजली पदयात्रा

## सरकार ने जो वादे जनता से किए थे वह भी याद दिलाने का काम किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आम** आदमी पार्टी द्वारा पूरे हरियाणा में लोगों को जागरूक करने के लिए बिजली पद यात्रा निकाली जा रही है आज आम आदमी पार्टी द्वारा अंबाला शहर अनाज मंडी से बिजली पदयात्रा निकाली गई व आप नेताओं ने मांग रखी की दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी बिजली मुफ्त मिलनी चाहिए। उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार पहले दिन से ही किसी को प्राथमिकता नहीं देती। सरकार द्वारा बिजली प्लांट्स को चलाया जाए उसे बंद करने की कोशिश की गई अपने प्लांट्स बंद करने के बाद आज हालात यह है कि बिजली बाहर से ली जा रही है और महंगी ली जा रही है महंगी बिजली मिलने के बाद स्वाभाविक है कि लोगों के बिजली के बिल ज्यादा आ रहे हैं जिसका सीधा असर लोगों के राशन पर पड़ रहा है। क्योंकि बिजली का बिल देखकर यह अंदाजा लगाया गया की कौन गरीब है और कौन अमीर उसी के आधार पर लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए। उनका यही कहना है कि जब पड़ोसी राज्यों में चाहे दिल्ली हो या पंजाब बिजली मुफ्त मिल रही है तो हरियाणा में भी बिजली मुफ्त मिलनी चाहिए इसके अलावा भी बहुत से मुद्दे उठाए जा रहे हैं और सरकार ने जो वादे जनता से किए थे वह भी याद दिलाने का काम किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर जनसंपर्क चलाया जा रहा है जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हर गांव हर वार्ड में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। हरियाणा में बिजली बिल के नाम पर लूट की जा रही है न जाने कितने तरह के चार्ज बिजली बिल के नाम पर लिए जा रहे हैं।

# दुकान पर चोरी करता नौकर सुखमान काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**लोग** अपनी सुविधा के लिए नौकर रखते है लेकिन यदि नौकर ही मालिक को चपत लगाने लग जाए तो ऐसे में मालिक भी कहां जाए। हालांकि ऐसी चोरियों का देर-सवेर पता तो लग ही जाता है लेकिन मालिक का नौकर से विश्वास पूरी तरह से हट जाता है। ऐसा ही अम्बाला शहर के पोलिटेक्निक चौंक पर स्थित किडजेरिया में हुआ है। यहां पर बनी सन्नी स्वीट के मालिक के बेटे कुनाल कालड़ा की खिलौने की दुकान से कई दिनों से सामान गायब हो रहा था। सीसीटीवी फुटेज से सारा मामला सामने आया। इस दौरान दुकान मालिक ने मुकदमा भी दर्ज करवाया। आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड लेते हुए पूछताछ भी कई गई। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया लेकिन ऐसे में दुकान मालिक का यही कहना है कि हमने तो विश्वास कर कर्मचारी रखा लेकिन हमारे साथ ही इस तरह की धोखाधड़ी हो गई। दुकान मालिक कुनाल ने बताया कि उनकी ही दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी उनकी दुकान की छत से खिलौने का सामान फैंक रहा था। इसी दौरान कुनाल के पड़ोसी ने सारी घटना बताई।

# स्कूल में दो लड़कों के साथ सामूहिक कुकर्म

## परिजनों ने विद्यालय के गेट पर लगाया ताला, प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे अभिभावक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के रोहिणी सेक्टर-11 के सरकारी स्कूल में दो बच्चों के साथ सामूहिक कुकर्म का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, 12 और 13 साल के दो लड़कों के साथ उसी स्कूल के लड़कों ने सामूहिक कुकर्म किया।

**प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे अभिभावक:** इस दरिंदगी जानकारी लगते ही आक्रोशित परिजन स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर पहुंचे एसएचओ ने अभिभावकों को मामले में सख्स कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बावजूद अभिभावकों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उग्र अभिभावकों ने गेट पर ताला लगाकर स्कूल को बंद कर दिया है। किसी को अंदर और बाहर जाने नहीं दिया जा रहा है। पीड़ित बच्चों के अभिभावकों स्कूल गेट के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के काफी देर समझाने के बाद स्वजन ने अपना प्रदर्शन खत्म कर दिया और यहां से कोर्ट के लिए चले गए।

**स्कूल के समर कैंप के दौरान हुई थी घटना:** पुलिस ने सोमवार को बताया कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली में सहपाठियों द्वारा स्कूल के दो लड़कों के साथ कथित तौर पर सामूहिक कुकर्म किया गया। इस सिलसिले में दो मामले दर्ज किये गये हैं।

पुलिस के मुताबिक, कथित घटना अप्रैल में एक स्कूल के समर कैंप के दौरान हुई थी। पुलिस ने कहा कि दो लड़कों ने पुलिस में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराईं और आरोप लगाया कि पांच से छह सहपाठियों ने उनके साथ सामूहिक कुकर्म किया। सभी आरोपी नाबालिग हैं और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।





**सनसनीखेज**

**सहपाठियों द्वारा स्कूल के दो लड़कों के साथ कथित तौर पर सामूहिक कुकर्म किया गया**

### सरकारी स्कूल में भी सुरक्षित नहीं हैं बच्चे: भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जेल में बंद पूर्व उपमुखमंत्री मनीष सिसोदिया और शिक्षा मंत्री आतिशी दिल्ली के शिक्षा को लेकर बड़े बड़े दावे करते रहे हैं। सरकार और आम आदमी पार्टी के दावों की सच्चाई सामने आ रही है। पिछले 15 दिनों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की घटनाओं से बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। पहले इंद्रपुरी में और उसके बाद द्वारका के स्कूल में बच्चे मीड-डे मील खाने से बीमार हो गए।

**स्कूलों की घटनाएं चिंता की बात:** रोहिणी के सेक्टर 11 में सरकारी स्कूल में दो बच्चों के साथ बड़े बच्चे कुकर्म करते हैं, लेकिन सरकार इस मामले को दबाने में लगी रही। सरकार और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एफआइआर दर्ज होने के बाद भी चुप हैं। बच्चे स्कूल में भी सुरक्षित नहीं हैं। नांगलोई में आप की पार्षद हेमलता के पति राजेंद्र लाडला ने नगर निगम के इंस्पेक्टर से पांच लाख रुपये प्रति माह की मांग की। नहीं देने पर उनका अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित फरार है। यह आम आदमी पार्टी का चरित्र है।

**74 स्कूलों में नहीं हैं प्रिंसिपल: रामवीर सिंह बिधूड़ी**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की स्थिति गंभीर है। विधानसभा में विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। दिल्ली में शिक्षा की स्थिति खराब है। दिल्ली देहात और अनधिकृत कॉलोनियों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को एक कमरे में बैठाया जाता है।

# नाबालिग से बलात्कार: निलंबित अधिकारी और पत्नी को कोर्ट में पेश किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के निलंबित डिप्टी डायरेक्टर प्रेमोदय खाखा द्वारा नाबालिग से बलात्कार के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आज दोनों की हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पीड़ित बच्ची की पहचान उजागर न हो। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि आपने बच्ची की पहचान छुपाने के लिए क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट को जानकारी दी गई कि रेप पीड़िता की हालत नाजुक है। कल ही उसे दौरे भी पड़े हैं। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने बताया कि इस मामले में कई लापरवाही हुई हैं, जिसको देखते हुए हम अपना जवाब दाखिल करेंगे। दिल्ली पुलिस ने खाखा को 21 अगस्त को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। खाखा की पत्नी सीमा रानी को कोर्ट ने पहले ही हिरासत में भेजा था। खाखा पर आरोप है कि उसने अपनी दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ नवंबर, 2020 और जनवरी, 2021 के बीच कई बार रेप किया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता की 1 अक्टूबर, 2020 में मौत हो गई थी, जिसके बाद खाखा ने उसे अपने घर उसकी देखभाल के लिए बुला लिया था।

# पति के हाथ काटने वाले मामले का राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** महिला आयोग ने दिल्ली के आदर्श नगर में हुई घटना का स्वतः संज्ञान लिया है।

सोमवार को आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल का उसके पति द्वारा हाथ काटने के कथित कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं।



आयोग ने इस मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई, आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, पीड़ित के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार और 5 दिन के भीतर आयोग को एक विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आदर्श नगर के एक होटल में आपसी झगड़े के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक हेड कांस्टेबल का उसके पति ने कथित तौर पर हाथ काट दिया।

# ट्रॉमा से जूझ रही नाबालिग पीड़िता, पड़ा दिल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार के निलंबित डिप्टी डायरेक्टर द्वारा नाबालिग बच्ची के लगातार दुष्कर्म किए जाने के मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरणों को पीड़िता की पहचान छिपाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरूला की पीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस से बच्ची की सुरक्षा और उसकी पहचान सुरक्षित करने को कहा है।

**रविवार को भी पड़ा था पीड़िता को दौरा:** दिल्ली पुलिस ने अदालत को जानकारी दी है कि पीड़िता जो अस्पताल में भर्ती है उसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसे कल (रविवार) भी दौरा पड़ा था। इस मामले में पीठ ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग से जवाब मांगा है और इस मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर तय की है। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने अदालत में कहा कि आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है और अपना रिस्पॉन्स भी फाइल करेगी।

# मानहानि मामले में गहलोत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए

**जिरह**

**शेखावत के वकील ने शिकायत से जुड़े सभी दस्तावेज, अशोक गहलोत के वकील को सौंप दी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दर्ज मानहानि मामले में सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को करने का आदेश दिया। गजेंद्र सिंह शेखावत के वकील ने आज कोर्ट को बताया कि शिकायत से जुड़े सभी दस्तावेज, वीडियो और फोटो की कॉपी भी पेन ड्राइव से जरिए अशोक गहलोत के वकील को सौंप दी गई है। अशोक गहलोत के वकील ने शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह शेखावत के कोर्ट में सुनवाई के दौरान पेश नहीं होने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वह सुनवाई के दौरान पेश नहीं हो रहे हैं जबकि कोर्ट का ऐसा कोई आदेश नहीं है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई पर गजेंद्र सिंह शेखावत को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने को कहा। कोर्ट ने गजेन्द्र सिंह शेखावत से यह भी कहा कि अगर आपको पेशी से छूट चाहिए तो उसके लिए अलग से अर्जी दाखिल कर सकते हैं।



राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस जज ने 19 अगस्त को गहलोत को मिली अंतरिम राहत यानी कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होने की छूट 16 सितंबर तक बढ़ा दी थी। दिल्ली पुलिस ने 25 मई को अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की थी। इस मामले में गजेंद्र सिंह शेखावत ने कोर्ट में दिए अपने बयान में कहा था कि संजीवनी घोटाले से मेरा कोई संबंध नहीं है। शेखावत ने कहा था कि जांच एजेंसियों ने मुझे आरोपित नहीं माना, मेरे ऊपर झूठे आरोप लगाए गए हैं। शेखावत ने कहा था कि अशोक गहलोत ने उनकी छवि खराब करने के लिए उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए।

याचिका में कहा गया है कि अशोक गहलोत ने सार्वजनिक बयान दिया कि संजीवनी कोआपरेटिव सोसायटी घोटाले में शेखावत के खिलाफ स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) की जांच में आरोप साबित हो चुका है।

# फ्लाइट में दो साल की बच्ची को आया हार्ट अटैक, डॉक्टरों ने बचाई जान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बंगलुरू** से दिल्ली आ रही फ्लाइट में मौजूद डॉक्टर्स ने दो साल की बच्ची की जान बचाई। विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट में डॉक्टरों ने बच्ची को प्राथमिक इलाज दिया जिसके चलते उसकी जान बच पाई। जानकारी के अनुसार रविवार को बंगलुरू से दिल्ली आ रही विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट यूके -814 में अचानक एक-दो साल की बांग्लादेश की बच्ची की तबीयत खराब हो गई। बच्ची सियानोटिक बीमारी से पीड़ित थी। उसका इंट्राकार्डियक के लिए ऑपरेशन किया गया था। बच्ची की तबीयत इतनी खराब हो गई कि वह बेहोश हो गई। बच्ची को ऐसे देख फ्लाइट में मौजूद लोग घबरा गए। हालत देख फ्लाइट में मौजूद दिल्ली एम्स के पांच डॉक्टर आगे आए और बच्ची की जान बचाई। बांग्लादेश से इलाज के लिए बंगलुरु आई बच्ची जन्म से ही हार्ट की बीमारी से पीड़ित थी। फ्लाइट में जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो लिमिटेड संसाधनों में डॉक्टरों ने फ्लाइट में ही उसे स्टेबल किया और नजदीकी एयरपोर्ट नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान बच्ची को दो बार हार्ट अटैक आया। डॉक्टरों को जब पता चला कि बच्ची की हालत बहुत बिगड़ गई है तो उन्होंने तुरंत जांच की। बच्ची की नाड़ी गायब थी, हाथ-पैर ठंडे थे और वह सांस नहीं ले पा रही थी। बच्ची के होंठ और अंगुलियां भी पीले पड़ गए थे। डॉक्टरों ने उसे तुरंत सीपीआर और कैनुला-4 दिया। इसके बाद बच्ची की हालत में सुधार आ गया।

# राजधानी में बढ़े साइबर क्राईम के मामले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष साइबर धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों की संख्या में 200 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष दिल्ली पुलिस को एक जनवरी से 30 जून तक 24,000 से अधिक शिकायतें मिलीं, जबकि वर्ष 2022 में इसी अवधि में 7,500 शिकायतें मिली थीं। इस वर्ष ठगी की रकम में भी बढ़ोतरी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों की शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपित मेवात क्षेत्र के अधिक हैं। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी होने के पीछे यह भी एक कारण है कि लोग इन मामलों की पुलिस से अधिक शिकायत करने लगे हैं।

दिल्ली पुलिस साइबर अपराध से संबंधित मामलों को लेकर गंभीर है और शिकायतों को लेकर पुलिस गहनता से काम करती है।

**बढ़ोतरी**

**इस वर्ष साइबर धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों की संख्या में 200 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई**

# 20 साल की मेड की पंखे से लटकती मिली लाश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** मयूर विहार फेज-3 इलाके के एक घर में 20 वर्षीय घरेलू सहायिका का शव संदिग्ध अवस्था में लटकता पाया गया। पुलिस ने मृतका के परिवार की शिकायत पर मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

**26 अगस्त की है घटना:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 अगस्त की सुबह 6.20 बजे गाजीपुर पुलिस स्टेशन के पुलिस कंट्रोल रूम पर एक फोन आया जिसमें बताया गया कि फोन करने वाले की मेड मृत अवस्था में मिली है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन के साथ आ रही है 'द बीस्ट'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20 शिखर** सम्मेलन के आयोजन स्थल प्रगति मैदान तक जाने वाले हर देश के प्रमुख के काफिले में 14 से ज्यादा कारें नहीं होंगी, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति के काफिले में चलने वाली कारों की संख्या 15 से 25 हो सकती है। बताया जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जिस 'द बीस्ट' कार में चलते हैं, वह भी अमेरिकी प्रशासन की ओर से भारत लाई जा रही है। करीब 10 करोड़ रुपये की कीमत व ट्रक की चैसिस पर बनने वाली ये 7 टन की कार पर बम का भी असर नहीं होता है। अगर टायर फट जाते हैं, तो उसकी गति और क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता है। कार के अंदर राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए पंप एक्शन शॉर्ट गन, आंसू गैस से लेकर ग्रेनेड हमले तक का विकल्प है। कार में नाइट विजन कैमरा लगा है। यह कार अपने सामने खड़े किसी भी लक्ष्य को सेकंड्स में तबाह कर सकती है। यह कार आकर्षण का केंद्र बनेगी। बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति सात सितंबर की रात व आठ अगस्त की सुबह आ सकते हैं। वह हैदराबाद हाउस में होने वाले समिट में शामिल होंगे।



**तैयारियां**

**10 करोड़ की कीमत व ट्रक की चैसिस पर बनने वाली ये 7 टन की कार पर बम का भी असर नहीं होता**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि नाइजीरिया के प्रमुख पांच सितंबर को ही दिल्ली आ जाएंगे। कुछ देशों के प्रमुख सात सितंबर की सुबह आएंगे। कुछ आठ को तो कुछ नौ सितंबर की सुबह आएंगे। कुल 41 देशों के राष्ट्रपति व राष्ट्रध्यक्ष भारत आ रहे हैं।

**होटलों के इंटरनेट सिस्टम का हो रहा ऑडिट:** विदेशी मेहमान दिल्ली व गुरुग्राम के होटलों में ठहरेंगे। सुरक्षा एजेंसियों को अंदेशा है कि होटलों के इंटरनेट सिस्टम को हैक किया जा सकता है। ऐसे में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर होटलों के इंटरनेट सिस्टम का ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिट के बाद होटल प्रशासन को बताया जाएगा कि उनके सिस्टम में ये कमी है और वह इसे दुरुस्त कर लें। इस बात की आशंका है कि हैकर सिस्टम हैक कर शिखर सम्मेलन की जानकारी हासिल कर सकते हैं। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा ऐसी की गई है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

# राधा-कृष्ण, हनुमान संग भारतीय संस्कृति से रूबरू होंगे विदेशी मेहमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले विदेशी मेहमानों को भगवान गौरी-शंकर, सीता-राम, राधा-कृष्ण और हनुमान के साथ भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया जाएगा। पुल व दीवारों पर देवी-देवताओं के चित्र बनवाए गए हैं। देवी-देवताओं के चित्रों के माध्यम से उनके संदेश व गतिविधियों के बारे में आसानी से अवगत हुआ जा सकता है। इसके अलावा देश के पारंपरिक नृत्यों से भी रूबरू कराया जाएगा। डीएमआरसी ने भी अपने कई स्टेशनों पर चित्रकारी कराई है। एनडीएमसी ने भी जगह-जगह चित्रकारी करवाई है। विकसित देशों के राष्ट्र अध्यक्षों को विकासशील भारत की राजधानी दिल्ली में अपने देश जैसी तस्वीर दिखाई देगी। उनको एयरपोर्ट से होटलों और वहां से सम्मेलन के आयोजन स्थल व राजघाट और अन्य स्थानों पर जाने व आने के दौरान भारत की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। दरअसल केंद्र और दिल्ली सरकार के सभी विभागों ने दिल्ली की विश्वस्तरीय राजधानी के तौर पर तस्वीर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



**सरकारी इमारतों पर तिरंगा लाइट:** एनडीएमसी व पीडब्ल्यूडी ने सड़कों को स्ट्रीट लाइट से जगमग कर दिया है। राष्ट्रीय त्योहारों के अवसरों की तरह जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर भी सरकारी बिल्डिंगों पर तिरंगा लाइट लगाई है। एक हजार से अधिक पेड़ों को भी आकर्षित लाइटिंग से सरोबार किया है।

**सड़कें नए सिरे से बनवाई:** केंद्र सरकार के रेलवे व एनडीएमसी, दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी के अलावा डीएमआरसी ने नई दिल्ली इलाके को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए अनेक योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। एनडीएमसी व पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली को सुंदर बनाने के लिए नई दिल्ली इलाके की सड़कें नए सिरे से बनवाई हैं। फुटपाथ का निर्माण व मरम्मत करने के साथ-साथ नई रेलिंग लगाई है। सड़कों के किनारे व मध्य बड़े बंजर इलाके से मलबा हटाकर उसे समतल करके हरियाली से सराबोर कर दिया है।

एनडीएमसी व पीडब्ल्यूडी ने आयोजन स्थलों, होटलों व अन्य प्रमुख स्थानों से जुड़ीं सड़कों के किनारों व उनके मध्य ही नहीं, बल्कि फुटपाथ पर भी हरियाली की है।

**तैयारियां**

**देवी-देवताओं के चित्रों के माध्यम से संदेश व गतिविधियों के बारे में आसानी से अवगत हुआ जा सकता है**

# दिल्लीवासियों को घर बैठे मिलेंगी एमसीडी की 15 सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम से संबंधित सेवाओं के लिए सायबर कैफे या फिर निगम कार्यालय जाने की जरुरत आने वाले दिनों में नहीं होगी। निगम द्वारा तय की गई एजेंसी के कर्मी घर पर आकर शुल्क के साथ यह सेवाएं देंगे। इसमें जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन से लेकर फैक्ट्री, ट्रेड समेत 15 सेवाओं की सुविधा मिलेगी। डो स्टेप डिलीवरी नीति के यह निगम इस योजना पर काम कर रहा है। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी निगम सदन की बैठक में मंजूरी के लिए आएगा। प्रस्ताव के अनुसार निगम अपनी इन सेवाओं के लिए एक एजेंसी को अनुबंधित करेगा। यह एजेंसी जो ज्यादा राशि निगम को देगी उसके आधार पर उसे यह काम दिया जाएगा। वैसे नागरिकों से लिए जाने वाले शुल्क की राशि तय होगी वहीं ली जाएगी। इसमें घर पर यह सेवा लेने के लिए नागरिकों को निगम की वेबसाइट या फिर टोल फ्री नंबर पर आवेदन करना होगा। इसके बाद जो मोबाइल सहायक संबंधित उपभोक्ता को आवंटित होगा वह घर आकर जन्म, मृत्यु, फैक्ट्री, ट्रेड, पेट डॉग रजिस्ट्रेशन समेत एमसीडी की 15 सेवाओं के लिए आवेदन करेगा।

**कितना लगेगा शुल्क ?:** इसके लिए प्रति विजीट का शुल्क 50 रुपये निर्धारित होगा। इतना ही नहीं 25 रुपये में इससे संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति चाहिए तो नागरिकों को इसके लिए प्रत्येक प्रति के लिए 25 रुपये देने होंगे।

**घर बैठे सुविधा**

**दिल्ली नगर निगम द्वारा तय की गई एजेंसी के कर्मी घर पर आकर शुल्क के साथ यह सेवाएं देंगे**

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा-जजपा गठबंधन से हर कोई परेशान: सुरेश मलिक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव उग्राखेड़ी में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश मलिक पहुंचे। यहां पहुंचने पर सुरेश मलिक का गांव उग्राखेड़ी की ओर से सात गांव के प्रधान चौ. राजकुवार मलिक द्वारा शाल भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुरेश मलिक ने कहा कि कांग्रेस के राज में विकास व रोजगार आदि में एक नम्बर पर पहुंचे हरियाणा प्रदेश को भाजपा-जजपा गठबंधन ने काफी साल पीछे धकेलने का काम किया है। इसलिए प्रदेश वासियों को इस बार फिर से कांग्रेस को सत्ता सौंपने का काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार, महंगाई के मामले में अव्वल है प्रदेश के जन जन में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है जिसके चलते चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100X100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी के पोर्टल को समाप्त किया जाएगा।

### आकाश बायजूस की सिरसा ब्रांच ने नेहरू पार्क में रोपे 158 पौधे

**सिरसा।:** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए सिरसा में वृक्षारोपण अभियान चलाया। संस्थान ने 158 छात्रों के साथ नेहरू पार्क में 158 पौधे लगाए। सिरसा शाखा ने एनईईटी, जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त की है। डीएसपी श्री जगत सिंह मोर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिनके साथ कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ आकाश के वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्य और छात्र भी मौजूद थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। सतत विकास का महत्व और पर्यावरण का संरक्षण कैसे करें। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

### आकाश बायजूस ने यमुनानगर पुलिस लाइन में रोपे 108 पौधे



**यमुनानगर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए यमुनानगर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। संस्थान ने 108 छात्रों के साथ पुलिस लाइन, जगाधरी में 108 पौधे लगाए। यमुनानगर शाखा ने नीट, जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। डीएसपी कंवलजीत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिनके साथ कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ आकाश के वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्य और छात्र भी मौजूद थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। सतत विकास का महत्व और पर्यावरण का संरक्षण कैसे करें। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

### जेएसडब्ल्यू पेंट्स के नए पिक्सा अभियान के तहत भारतीय ग्राहकों को सशक्त बनाना ही सवालिया का लक्ष्य

**फरीदाबाद।** भारत की प्रमुख पर्यावरण-अनुकूल पेंट्स और 23 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू पेंट्स का लक्ष्य पेंट इंडस्ट्री में पारदर्शिता को बढ़ावा देकर भारतीय ग्राहकों को सशक्त बनाना है। यह नया अभियान भारतीय ग्राहकों को उनके पसंदीदा पेंट का चयन करते समय उन्हें इसके बारे में सटीक जानकारी प्रदान करने के अनुरूप है। साथ ही यह अपने मूल्यवान ग्राहकों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ अपने प्रतिष्ठित किरदार सवालिया की वापसी को भी दर्शाता है, जिसे आलिया भट्ट द्वारा निभाया गया है। यह नया जेएसडब्ल्यू पेंट्स अभियान सर्वोत्तम श्रेणी की कवरेज पर आधारित है, जिसकी पेशकश पिक्सा द्वारा की जाती है। इस अनूठे प्रोडक्ट के प्रस्ताव को सिनेमाई कहानी के रूप में नवीनतम विचारधारा के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जिसका नेतृत्व ब्रांड एंबेसडर के रूप में आलिया भट्ट और आयुष्मान खुराना ने किया है। एएस सुंदरसन, सीईओ, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, कहते हैं, "जेएसडब्ल्यू पेंट्स में, हमारे ब्रांड अभियानों को निरंतर रूप से संचालित करने में पारदर्शिता, ग्राहक जागरूकता और नवाचार का अहम योगदान रहा है। इस नवीनतम प्रयास में, आलिया भट्ट द्वारा निभाया गया उत्साही सवालिया का किरदार, न सिर्फ ग्राहकों को सही प्रश्न पूछने, बल्कि सही उत्तर खोजने और उनके पसंदीदा प्रोडक्ट से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" ब्रांड पिक्सा को इसके वैल्यू सेगमेंट के अंतर्गत आंतरिक और बाहरी दोनों सतहों के लिए तैयार किया गया है।

# केंद्रीय मंत्री ने रोजगार मेले में युवाओं को वितरीत किए नियुक्ति पत्र

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का आठवें रोजगार मेले के तहत सीआरपीएफ में किया गया सीधा प्रसारण

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की देश के युवाओं को सरकारी नौकरी देने की संकल्प सिद्धि की दिशा में सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर देशभर के करीब 51 हजार 106 युवक-युवतियों को विभिन्न पुलिस सुरक्षा बलों में नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण खेवड़ा स्थित केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) में किया गया, जहां मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए भारत सरकार में रक्षा एवं पर्यटन विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने युवाओं को नियुक्ति पत्र भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी। देशभर में विभिन्न स्थानों पर रोजगार मेला



आयोजित करते हुए युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंप गये, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इनमें खेवड़ा स्थित सीआरपीएफ केंद्र भी शामिल रहा। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आज हमारे बेटे-बेटियां स्वयं को देश को समर्पित कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत से उनके जीवन में यह स्वर्णिम अवसर आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दस लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की है, जिसे अति शीघ्र दिसंबर-2023 अथवा जनवरी-2024 तक

**रोजगार मेला**

> आज हमारे बेटे-बेटियां स्वयं को देश को समर्पित कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत से उनके जीवन में यह स्वर्णिम अवसर आया

प्राप्त कर लिया जाएगा। इस कड़ी में लगातार रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं और आज यह आठवां रोजगार मेला आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पहले घोषणाएं होती थी किंतु पूर्ण नहीं होती थी। परंतु आज परिवर्तन का दौर है। राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों में देश में बड़ा परिवर्तन आया है। इस दौरान सीआरपीएफ समूह केंद्र खेवड़ा के पुलिस उप-महानिरीक्षक कोमल सिंह ने स्वागत उद्बोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री का अभिनंदन किया और नियुक्त हुए युवाओं को बधाई दी। साथ ही उन्होंने केंद्रीय राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। अतिरिक्त पुलिस उप -महानिरीक्षक प्रभात सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विरेंद्र सिंह, द्वितीय कमांडेंट ओमेंद्र सिंह पूनियां, एसडीएम डा. निर्मल, मनिंद्र सन्नी, सहायक कमांडेंट प्रमिला बख्शी व मनोज भंभानी आदि अधिकारीगण मौजूद थे।

**मेले में इन युवाओं को भेंट किये गये नियुक्ति पत्र:** रोजगार मेले के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने दर्जनों युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें नेहा, रोहित सिंह, दिव्या शर्मा, अदिति सिंह, आशीष, विकास, कोमल, धर्मपाल, विशाल, संगीता मौर्या, रेणु मीणा, अर्चित, तेजेंद्र सिंह यादव, नीतू, रविंद्र कुमार, सोनू, तरूण, हर्ष, मोहित, युगल तथा शुभम आदि शामिल रहे।

**नीरज चोपड़ा बने देश के युवाओं के लिए आइकन : भट्ट**
सीआरपीएफ खेवड़ा में आयोजित रोजगार मेले के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए ओलंपियन नीरज चोपड़ा को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा हमारे आइकन बन गये हैं, जिन्होंने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा है।

## राखी बनाओं प्रतियोगिता का केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ राई।**
**ग्रुप केंद्र** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सोनीपत में स्थित केंद्रीय विद्यालय में पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इन्हें अपने हाथों से राखियों को बनाया। छात्रों ने बाजार के समान का प्रयोग न करके स्टेशनरी एवं घर के समान का प्रयोग कर अपनी रचनात्मकता एवं स्नेह से बनाई। प्रतियोगिता के पश्चात कक्षा वार श्रेष्ठ राखियों का चयन किया। चयनित सभी 151 राखियों को प्राचार्य अमन गुप्ता ने कोमल सिंह



उपमहानिरीक्षक जीसी सीआरपीएफ एवं श्री प्रमाल सिंह कमांडेंट को सभी जवानों के लिए सह प्रेम भेंट किया ताकि अपने घर से दूर देश की सेवा कर रहे जवानों की कलाई रक्षाबंधन के त्यौहार पर खाली न रहे। साथ ही छात्राओं ने अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन त्योहार की शुरूआत की।

## शिव पार्क में विहिप व बजरंग दल ने किया जलाभिषेक

**गन्नौर: गन्नौर के** शिव पार्क में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्यों ने मेवात यात्रा के समर्थन मे शिवलिंग का जलाभिषेक किया। नूह मे हुई हिंसा के विरोध मे विहिप ने दोबारा यात्रा निकालने का आह्वान किया था। जिसकी सरकार द्वारा परमिशन नहीं दी गयी थी जिसके चलते परिषद द्वारा प्रदेश भर मे जलाभिषेक का एलान किया गया था। परिषद ने सरकार द्वारा परमिशन न देने की निंदा की। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तेजपाल शर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख सुरेंद्र खुराना पार्षद गौरव जैन, पूर्व पार्षद हरिश मदान, रामेश्वर सैनी, राजेश चौहान, सेवा प्रमुख अशोक कोहली, सह सेवा प्रमुख सोहनलाल, सह सत्संग प्रमुख संजीव डावरा, प्रवेश मदान, सोमदत कौशिक व भारी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित थी।

## चंद्रमा पर पहुंचकर भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व को दिखा दिया: अजय

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**केन्द्रीय रक्षा** एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट सोमवार को जिला में अपने दौरे के दौरान जीटी रोड स्थित जिला कार्यालय में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग करवाकर वो कर दिखाया जो आज तक कोई देश नहीं कर पाया है। आज चंद्रमा पर पहुंचकर भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व को दिखा दिया कि अब भारत इस क्षेत्र में भी बहुत तेजी के साथ आगे बढने के मिशन की शुरूआत कर चुका है आने वाले दिनों में हम अपने और भी मिशन इस क्षेत्र में



सफल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 07 सितंबर से 10 सितंबर तक दिल्ली में जी-20 की बैठक भी आयोजित की जा रही है, जिसमें विश्व के सभी विकसित देशों के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति भारत आ रहे हैं जो भारत की बढ़ती शक्ति को दिखा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा गरीब लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

## हरियाणा के सभी खदान मालिकों की बैठक हुई, चुनौतियों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** खदान और क्रशिंग उद्योग में साझा चिंताएं और चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से, एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी खदान मालिकों ने रैडिसन, जिरकपुर में बैठक की आयोजन की। इस बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों और खदान प्रकारों के मालिकों की भागीदारी देखी गई। बैठक का मुख्य विषय था खदान और क्रशिंग उद्योग में प्रभावित होने वाले सामान्य चर्चाओं पर विचार करना। साझा समस्याओं का समाधान करने की दिशा में साझा विचार करते हुए, उपस्थित



व्यक्तियों ने नियमित रूप से खदान उद्योग को प्रभावित करने वाली मुद्दों के समाधान के लिए एक संघ की स्थापना करने का निर्णय लिया। इस संघ की पहचान कार्यों की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए, एक मुख्य समिति का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष के रूप में सोमबीर विजराणिया को नियुक्त किया गया। समिति में चारखी दादरी से शुरू होकर 11 सदस्य शामिल हैं, जो हरियाणा के विभिन्न जिलों और खदान प्रकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। सभी उपस्थित व्यक्तियों ने इस बैठक में चर्चित विषयों को आधिकारिक रूप देने का निर्णय लिया।

संघ का प्रमुख ध्यान इन विषयों के समाधान की ओर है, जिसका लक्ष्य खदान उद्योग को विकास और सहायता प्रदान करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, नियमित संवाद और समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। उपस्थित व्यक्तियों ने खदान क्षेत्र की सुधार और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है, और वे संघ को सहयोग और समस्या समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं। इस संघ की स्थापना खदान मालिकों के बीच सहयोग, ज्ञान साझा करने और समर्थन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है इस मौके पर प्रदीप गोयल, सोमवीर गौशाला, मंजू पहल, राकेश बेनीवाल, नरेंद्र कुमार, राजेंद्र ग्रेहन, राकेश सागवान, संजीव भारद्वाज, अमन वीरक, फकीरचंद, संजीव चौधरी, मनजीत मंगलोरा, ईश्वर शर्मा, लक्ष्मी लाठार, गुरप्रीत सभरवाल, नीरज शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने नागरिकों से की अपील

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**



**नारनौल। परिवार** पहचान पत्र में दर्शाए गए 400 गज या इससे बड़े रिहायशी प्लाट के कारण उनकी अधिक आमदनी को ठीक करने बारे सरकार ने पुनर्विचार किया है। इसके समाधान के लिए एक परिवार पहचान पत्र शिकायत पोर्टल पर लगानी होगी। यह जानकारी देते हुए नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने बताया कि जिन व्यक्तियों के परिवार पहचान पत्र में दर्ज प्लाट में एक से अधिक व्यक्तियों का हिस्सा है यदि उस हिस्से की रजिस्ट्री है तो ऐसे व्यक्ति अपनी शिकायत के साथ रजिस्ट्री अपलोड कर दें। उन्होंने बताया कि यदि लाल डोरा के अंदर की रजिस्ट्री नहीं है और प्लाट में हिस्सेदारी है तो एक शिकायत पोर्टल पर डलवाएं कि यह प्लाट उनका साझे का है और उनका इसमें मात्र एक हिस्सा है। इस शिकायत के बाद जो दूसरे हिस्सेदार हैं उनके मोबाइल पर वेरिफिकेशन के लिए ओटीपी आएगा और वह जब इस प्लाट में हिस्सा होने की पुष्टि कर देंगे तो वह प्लाट उस व्यक्ति के परिवार पहचान पत्र से हटा दिया जाएगा। विधायक ने अपील करते हुए कहा कि गांव के सरपंच और दूसरे मौजिज व्यक्ति ऐसे लोगों की मदद करें। सीएचसी सेंटर पर जाकर संबंधित व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करें या किसी जानकार व्यक्ति से भी कंप्यूटर से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ऐसा करने से प्लाट संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है।

## जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं** सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर और मुख्य दंडाधिकारी ी ईशा खत्री एवं जसबीर द्वारा सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चंद्रशेखर ने जेल में रह रहे बंदियों के साथ वातालाप की और उनको हो रही परेशानियों के बारे में जाना। सैशन जज ने सभी बंदियों से पूछा कि अगर किसी को मुफ्त कानूनी सहायता या किसी के पास अपने केस की पैरवी करने के लिए कोई वकील नहीं है तो वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से निशुल्क पैनल अधिवक्ताओं की सेवाएं प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जिला कारागार की महिला बंदियों के साथ भी बातचीत की एवं उनको करनाल में किसी तरह की असुविधा हो रही है, उसके बारे में पूछा।

## लल्हेड़ी गांव में लगती मिट्टी में कटाव दे रहा हादसों को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**लल्हेड़ी से** राजलूगढ़ी की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग के साथ लगती मिट्टी का पिछले महीने हुई बरसात के बाद कटाव होना शुरू हो गया था। एक माह बीत जाने के बावजूद प्रशासन इस सड़कमार्ग की सुध नहीं ले रहा है। ऐसे में यह सड़क अब जानलेवा साबित हो सकती है यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो सड़क भी टूटनी शुरू हो जाएगी। क्योंकि कुछ जगहों पर तो सड़क के नीचे से भी मिट्टी खिसकनी शुरू हो चुकी है,



जिसके चलते सड़क भी धंस सकती है। ग्रामीण जयबीर मलिक, संदीप मलिक, करतार राठी, त्रिलोकचंद शर्मा ने बताया कि पिछले महीने हुई तेज वर्षा के दौरान किनारे की मिट्टी में कटाव बन गया है। सड़क पर दो-तीन जगह तो गहरे गड्ढे बन गए हैं, एक जगह तो सड़क के नीचे अंदर तक कटाव हो रहा है। यहां रात्री के समय दो गड्ढा दिखाई नहीं देने पर बड़ा हादसा हो सकता है।

**अधिकारियों को लिखित में दे चुके हैं शिकायतः** लल्हेड़ी गांव के सरपंच मेहर सिंह ने बताया कि सड़क किनारे जगह-जगह हुए मिट्टी के कटाव की वजह से यह सड़क वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुकी है। उन्होंने इस संबंध में 15 दिन पहले पीडब्ल्यूडी विभाग को लिखित में शिकायत दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अब वह सीएम विंडो पर इसकी शिकायत दर्ज करवाएंगे।

# 'साइक्लोथॉन रैली को लेकर अधिकारी जिम्मेदारी को समझें'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री कार्यालय** के विशेष अधिकारी सी.पी. एंड ओ. पंकज नैन ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकाली जाएगी। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री मनोहर लाल 1 सितम्बर को प्रातः 6 बजे एनडीआरआई गेट से झंडी दिखाकर करेंगे, जोकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से होती हुई 25 सितम्बर को करनाल पहुंचेगी। इसी दिन सायं के समय करनाल में ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष अधिकारी पंकज नैन सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में साइक्लोथॉन रैली



के प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रैली के सफल आयोजन को लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतरीन तरीके से करें और भव्य कार्यक्रम का एक उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल गहन रूचि ले रहे है, क्योंकि यह कार्यक्रम समाज में फैल रही नशे जैसी सामाजिक बुराई को रोकने तथा लोगों में जागरूकता लाने के मकसद से किया जा रहा है। उन्होंने जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रचार के सभी माध्यमों जैसे प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा रेडियो पर जिंगल इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन रैली की शुरूआत करनाल से होने के उपरांत वाया असंध, मुनक से होते हुए पानीपत जिले में पहुंचेगी। इसी प्रकार से 2 सितम्बर को यह रैली पानीपत से शुरू होकर वाया गोहाना होते हुए सोनीपत पहुंचेगी और फिर अगले दिन सोनीपत से वाया सांपला होते हुए रोहतक में प्रवेश करेगी। हरियाणा पुलिस के 100 साईकिलों पर 200 जवानों की कोर ग्रुप की टीम भी इस रैली के साथ-साथ चलेगी। इस रैली के दौरान एक प्रचार वैन साथ-साथ चलेगी, जिसमें बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई जाएगी जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ गीत-संगीत व नाटक की झलक दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि जिलों में साइक्लोथॉन रैली के पहुंचने पर सायं के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## नव ज्योति शिक्षा सदन ने कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नव ज्योति शिक्षा** सदन खुबड़ू-भांवर विद्यालय की ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में बाजी मारी। स्कूल के निदेशक राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि ब्लाक की टीम में छात्रा कनिका, ऊर्वी, निशु, धन्वी कनिका छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय एवं गन्नौर ब्लॉक का नाम रोशन किया। टीम ने अंडर14 की वॉली बाल की टीम ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन दिखा कर तीसरा स्थान हासिल किया। वॉलीबाल की टीम



से 3 बच्चों शिवानी, अनुष्का एवं रिषिका का स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए भी चयन किया गया। स्कूल निदेशक ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नवनिर्मित श्मशान घाट पर की गई भगवान शिव की मूर्ति स्थापना





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में बवाना रोड़ पर भारत माता स्कूल के पास नवनिर्मित श्मशान घाट में पूर्व निगम पार्षद रामनारायण भारद्वाज द्वारा देवों के देव महादेव की प्रतिमा स्थापित कर नवनिर्मित शमशान घाट का लोकार्पण किया। मौके पर मौजूद सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए।

कहते हैं दिल में समाज सेवा करने की ठान ली जाए तो, इंसान जरूर कामयाब होता है और अगर वो सेवा इंसान के अंतिम संस्कार की हो, तो सेवा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसी ही सेवा करने का बीड़ा एक साल पहले वार्ड-2 बांकनेर से निगम पार्षद व नरेला जोन चेयरमैन रामनारायण भारद्वाज ने उठाया था। रामनारायण भारद्वाज ने स्वतंत्र नगर, विशाल बाग, प्रेम कॉलोनी के निवासियों की समस्याओं को देखते हुए शमशान घाट बनवाने का संकल्प लिया था। जिसका आज उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के साथ महादेव की प्रतिमा स्थापित कर नवनिर्मित शमशान घाट का लोकार्पण किया। पूर्व निगम पार्षद रामनारायण भारद्वाज ने बताया कि स्वतंत्र नगर, विशाल बाग, प्रेम कॉलोनी, गोंडा रोड के आसपास लाखों की आबादी निवास करती है। जो लंबे समय से श्मशान घाट की मांग कर रहे थे क्योंकि आसपास कोई श्मशान घाट न होने से किसी की मौत हो जाने पर दाह संस्कार के लिए लोगों को रेलवे लाइन पार कर कुरैनी स्थित श्मशान घाट जाना पड़ता था। स्थानीय निवासियों की समस्याओं को देखते हुए संकल्प लिया था कि स्वतंत्र नगर के आसपास ही श्मशान घाट बनाया जाए। जिसका सभी के सहयोग से निर्माण कराकर आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ महादेव भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित कर नवनिर्मित शमशान घाट का लोकार्पण किया ह। इस मौके पर वार्ड-2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, वार्ड एक से पार्षद पति कमल खत्री, युवा नेता प्रदीप भारद्वाज, लोकेश भारद्वाज, रवीश भारद्वाज, विष्णु गोयल, महेश गर्ग, मनदीप कौशिक, अभिषेक वत्स, वजीर देशवाल, आशीष शर्मा, संजय भगत, राकेश बंसल, कर्मवीर मलिक, हरीश, आनंद प्रकाश, लीलू श्री भगवान प्रजापत, राजेश गोयल, बसंत पवार, लक्ष्मण, राजकुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके भारत नगर के सनातन धर्म मंदिर में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## दयानंद वत्स ने स्वर्गीय मुकेश की 47वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी अवॉड्र्स फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमेन दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी फिल्मों के मशहूर पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 47वीं पुण्यतिथि पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि मुकेश दिल्ली के रहने वाले थे।

उन्होंने अपना पहला गीत दिल जलता है तो जलने दे गाया था जो अभिनेता मोतीलाल पर फिल्माया गया था। यह गीत मुकेश ने अपने अजीज गायक के. एल सहगल की तर्ज पर गाया था। यह गीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, निमार्ता, निर्देशक राजकपूर की सारी फिल्मों में मुकेश ने ही सारे गाने गाए। सभी गानें लोकप्रिय हुए। राजकपूर ने एक बार कहा था मैं तो शरीर हूं मेरी आत्मा तो मुकेश है। राजकपूर की टीम में गायक मुकेश ,गीतकार शैलेन्द्र, हसरत जयपुरी, और संगीतकार शंकर जयकिशन ने लंबी पारी खेली। बाद में मुकेश ने कल्याण जी आनंद जी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के साथ भी गाया। अभिनेता राजकपूर पर फिल्माए गए फिल्म अनाड़ी में गाए उनके गीत सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी पर मुकेश को पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला।



आजादपुर वार्ड में स्वच्छता अभियान के दौरान रोड़ से मलवा उठाते हुए कर्मचारी।

# जनता से किये वादे पूरे करें आम आदमी पार्टीः विशाल कपाही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा युवा** नेता विशाल कपाही ने बताया कि भाजपा का सिपाही देश के कोने-कोने में मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे है, लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

**आम आदमी पार्टी ने जनता को किया गुमराहः** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते



दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

**आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में फर्कः** विशाल कपाही ने बताया कि आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में

**समस्या...**

**कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से लोग परेशान हो रहे है और बाजार से पानी खरीद कर पी रहे है।**

काफी ज्यादा फर्क है, आम आदमी पार्टी कहती थी कि हम दिल्ली का विकास करके दिखायेगें, लेकिन समस्याएं जस की तस पड़ी हुई है, जिसके चलते दिल्ली के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीने को मजबूर है लोगः** श्री कपाही ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आता है, जिसके चलते लोगों को मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ता है और दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और जनता परेशान हो रही है।

# आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को मिल सकता है जीवनदानः उमेश साहू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी उमेश साहू ने कहा कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें। रक्तदान के महत्व का हमें



तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरो को भी

**रक्तदान...**

**रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।**

रक्तदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि जहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हो, वहां पर पहुंचकर रक्तदान अवश्य ही करें, जिससे की किसी को आपके रक्त से जीवन दान मिल सके।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश हैं देश के लोगः उमाकांत शर्मा



**नई दिल्ली।** **भारतीय** जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उक्त बातें भाजपा नेता उमाकांत शर्मा ने कही। पीएम मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।

# पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः रविता पाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका रविता पाल ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी पेड़-पौधे लगाये और दूसरो को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक ओर हमें छाया मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना



चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का कार्य ही नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम भी पौधारोपण करें और पेड़-पौधों की रक्षा करें। आज हम बड़ी-बड़ी

**संरक्षण...**

**पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी को पेड़-पौधे अवश्य ही लगाने चाहिएः पाल**

इमारते बनाने के चक्कर में पेड़-पौधे काट देते है, जो गलत है, मेरी सभी से अपील है कि सभी पौधारोपण करें और पेड़-पौधों का संरक्षण करें, जिससे की आपके आस-पास हरियाली का वातारण रहे।

# चांद नगर में भारतीय किसान यूनियन भानू की हुई अहम बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के तिलक नगर इलाके के चांद नगर में भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह की प्रेरणा से जतिन शर्मा (राष्ट्रीय प्रवक्ता) के नेतृत्व में तजिंदर कौर (सिमरन) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा और परमिंदर सिंह उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश द्वारा मीटिंग रखी गई। इस मीटिंग में दिल्ली देहात के सभी गांव के किसान और मजदूर भाइयों के अधिकारों के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता जतिन शर्मा के समक्ष विनोद त्यागी राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली प्रदेश प्रभारी, ललित चौहान ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष, उमेश त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राजकुमार वरिष्ठ ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष द्वारा किसानों के मुद्दे रखे गए और हमें जतिन शर्मा द्वारा आज आश्वासन दिया गया कि जल्द ही इन समस्याओं का निवारण किया जाएगा। उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप खंडेलवाल ने दी। इस मौके पर संदीप खंडेलवाल युवा मोर्चा अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, ललित चौहान ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, वरिष्ठ ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार, उमेश त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, यश अनेजा यूथ छात्र मोर्चा अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, राजबीर सिंह, हरप्रीत सिंह उपाध्यक्ष युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश, नानक सिंह उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, अनुराधा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मौजूद रहे।

# बॉर्डर पर भारत के वीर जवानों को संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने बांधे रक्षा सूत्र





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंजाब के** अमृतसर स्थित अटारी बाघा बॉर्डर में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा रक्षा की डोर सरहद पर वीर भाइयों की ओर के अंतर्गत भारत के वीर जवानों को रक्षा सूत्र बाँधने का कार्यक्रम सीमा सुरक्षा बल के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठा युवा संगठन संस्थापक मोहित कुमार भारतीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय गौड़ उप महानिरीक्षक सेक्टर अमृतसर सीमा सुरक्षा बल प्रतिनिधि कृष्ण वशिष्ठ एससी इंचार्ज, विशिष्ठ अतिथि एके मिश्रा कमांडेंट सीमा सुरक्षा बल, राधेश्याम, अन्य जवान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी ने परेड का लुफ्त उठाया। फिर इंडिया फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के पास रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रतिनिधि, कमांडेंट मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को वंदन करते हुए खादी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा परेड में शामिल जवानों को युवाओं द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य राज्यों से बहनों के रक्षा सूत्र के साथ भेजे गए शुभकामना संदेश भी दी। जिसमें उपस्थित सीमा सुरक्षा बल के जवानों को संगठन के युवाओं एवं बच्चियों ने रक्षा सूत्र बांधे यह पल सबको भावुक कर गया कुछ जवानों ने बताया कि डयूटी देते समय कब त्यौहार आ जाते हैं हमको पता ही नहीं चलता पर आज प्रतिष्ठा युवा संगठन ने रक्षा बन्धन के उपलक्ष्य में रक्षा सूत्र का जो कार्यक्रम हमारे लिए आयोजित किया और रक्षा बंधन पर बहनों की कमी पूरी कर कलाई सुनी नहीं रहने दी हमको भावुक कर गया, मोहित भारतीय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, युवाओं व आमलोगों में देश भक्ति व राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने के साथ देश के सिपाहियों के प्रति अपनी भावनाओं को प्रकट करना व भारत के वीरों के प्रति सम्मान एवं देश भक्ति का जज्बा जाग्रत करना है, जिसमें रानी दुर्गावती फाउंडेशन छत्तीसगढ़, हीरा पब्लिक स्कूल, प्रयास फाउन्डेशन, डीयूसीटी, स्मृति क्रिएटिव आर्ट एंड कल्चर सोशल समिति, एकता एसएचजी, मीडिया, गैर सरकारी संस्थाएं, बीएसएफ एवं अन्य का सहयोग प्राप्त हुआ।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में गंभीरता से कार्य करें शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक सरकारी स्कूलों के बच्चों व आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करना और अगर उसे कोई चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है तो उसे उपलब्ध करवाना हमारी जिम्मेदारी है।
राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का लक्ष्य भी यही है और शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को मिलकर इस लक्ष्य को पूरा करना है। उपायुक्त विक्रम सिंह सोमवार को लघु सचिवालय में कार्यक्रम की समीक्षा मीटिंग में दिशा निर्देश दे रहे थे।
उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में मौजूदा समय में एक लाख 42 हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे हैं और एक लाख आठ हजार आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले छोटे बच्चे हैं। हमें प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य की जांच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत करनी है। उन्होंने कहा कि अभियान को सितंबर माह के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन बच्चों की अधिक संख्या व अभियान के महत्व को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। समीक्षा मीटिंग के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक के अभियान में 16 बच्चों को ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ी और उनके ऑपरेशन करवा दिया गया है। फिलहाल सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे का फॉलोअप भी समय-समय पर किया जाए।



मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 11 टीमें पूरे जिला के लिए गठित की गई हैं। इन टीमों में एक आयुष पुरुष व एक आयुष महिला चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट व एक पैरामेडिकल स्टाफ शामिल किया गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के लिए सभी व्यवस्थाएं करवाएंगे। इसके लिए स्कूल के स्वास्थ्य एंबेसडर की मदद भी ली जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों के प्राचार्यों को सख्त निर्देश हैं कि वह इस अभियान के दौरान पूर्ण सहयोग दें। प्रतिदिन की रिपोर्ट के लिए सभी टीमों को गुगल फार्म भी दिया जिससे कार्य पर निगरानी रखी जा सके। मीटिंग में सीएमजीजीए श्रुती शर्मा, सीएमजीजीए आशीष जैन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. सीमा, जिला कोऑर्डिनेटर पीयूष, सतीश चौधरी, बीईओ फरीदाबाद मनोज मित्तल, बीईओ बल्लभगढ़ महेंद्र सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मंजू सहित स्कीम से जुड़े हुए सभी चिकित्सक व अन्य स्टाफ मौजूद था।

# सरपंचो और जनप्रतिनिधियों को दिया ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सीईओ जिला आशिमा सांगवान की अध्यक्षता में फरीदाबाद खण्ड कार्यालय सेक्टर -16 के हाल में आज सोमवार को सरपंचो और पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के लिए ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
जिसमें ग्राम सचिवों, जेई पंचायती राज का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने उपस्थित पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि अपने अपने गांव में बने एकल गड्ढा शौचालय एवं सेप्टिक टैंक शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए और इस प्रकार के शौचालयों को दो जालीदार गडडो के शौचालयों में परिवर्तित कराए।



उन्होंने बैठक में सरपंचो से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने गांव के कूड़े- करकट का भी उचित प्रबंधन करें। गलनशील कूड़े से खाद बनाए एवं अगन शील कूड़े को बेचकर आमदनी करें।
बीडीपीओ कम एचसीएस ट्रेनी ऋतु ने कहा सरकार की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर हर विकास कार्यों के लिए ग्राम सभाओं में रेगुलेशन पास कार्यों का पूरा विवरण पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिससे विकास कार्यों की धनराशि सरकार द्वारा ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर दी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओमेक्स सपा विलेज ग्रेटर फरीदाबाद की आद्विका ने 8वीं अखिल भारतीय

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** कुरूक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप में ग्रेटर फरीदाबाद की ओमक्स स्पा विलेज सोसायटी में रहने वाली 8 वर्षीय आद्विका ने 25 किलो भार वर्ग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। इस शानदार उपलब्धि को प्राप्त करने पर आद्विका के माता-पिता श्रीमती गरिमा सक्सेना व आकाश सक्सेना गर्वित महसूस कर रहे हैं और उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आद्विका के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र के योगदान को अहम बताते हुए उनके मार्गदर्शन व प्रयासों के लिए प्रशंसा की। ओमक्स स्पा विलेज के अध्यक्ष हेमंत राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश आहूजा, महासचिव एसएस नरूला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अत्री, सह सचिव मयंक शर्मा अंतुल कुमार, अभिषेक पांडे, संजय झा, आशीष दीक्षित, योगेश धारीवाल, योगेश शर्मा, कोमेश सिंह, सूरज मेनन सहित सोसाइटी के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आद्विका व उनके परिवार को को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बधाई दी व हौसला बढ़ाया। सभी ने आद्विका को उसके साहस, लगन और अथक प्रयासों के लिए सराहा और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



### अवैध हथियार सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने अवैध हथियार व 1 जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल है। गिरफ्तार आरोपी बल्लभगढ़ के गांव छांयसा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से फरीदाबाद के सेक्टर 8 मिलन रोड से काबू किया है।
आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देशी पिस्तौल के साथ एक जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 8 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि 2 महीने पहले किसी व्यक्ति से 15000 रुपए में हवाबाजी के लिए खरीदा था। आरोपी किसी आपराधिक गैंग में शामिल होना चाहता है। आरोपी पर फरीदाबाद थाना छांयसा और तिगांव लड़ाई झगड़ा के 5 मुकदमे और 2 मुकदमे पी ओ दर्ज हैं। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



### मेवात मित्रमंडल के सदस्य जलाभिषेक के लिए नूंह जाने की कर रहे थे तैयारी

**फरीदाबाद:** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार पूरे फरीदाबाद में पुलिस चप्पे -चप्पे पर मुस्तेद है। पुलिस द्वारा लोगों को नूह मेवात जाने से रोका जा रहा है व उन्हें समझाया जा रहा है कि जलाभिषेक अपने नजदीकी शिव मंदिर में ही करे और शांति बनाए रखे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज नूंह में प्रस्तावित यात्रा को प्रशासन द्वारा मंजूरी नहीं दी गई थी परंतु फिर भी कुछ लोग नूंह स्थित नल्हड़ मंदिर में जाने की कोशिश कर रहे थे। आज सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन पराशर को सूचना मिली कि कुछ लोग सेक्टर 11 की मार्किट में इकट्ठा होकर मेवात जाने का प्लान बना रहे है तो थाना प्रभारी मौके पर पहुँचे और उन्होंने लोगों से बातचीत की तो लोगों ने उन्हें बताया कि वो सभी मेवात मित्र मंडल के सदस्य है और शिवजी को जलाभिषेक करने नलहड़ के शिव मंदिर जा रहे है।

# फरीदाबाद में पुलिस मुस्तैदी से माहौल रहा शांतिपूर्ण

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)** नूंह प्रकरण के संबंध में आज फरीदाबाद पुलिस की मुस्तैदी और आमजन के सहयोग से माहौल बिल्कुल शांतिपूर्ण रहा और किसी भी प्रकार की कोई उपद्रवी या हिंसात्मक घटना घटित नहीं हुई।
पुलिस आयुक्त ने स्वयं फील्ड पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पुलिस नको पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए इंटरस्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट पुलिस नाकों को चेक किया गया।

# भाविप ने किया सावन उत्सव, पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**टीम एकशन इंडिया/फरीदाबाद, 28 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** भारत विकास परिषद गोविंद शाखा द्वारा सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 11 राजस्थान एसोसिएशन भवन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रेनू भाटिया अध्यक्ष महिला आयोग हरियाणा ने शिरकत की। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती निधि जैन ने क्षेत्रीय महासचिव महिला एवं बाल विकास भारत विकास परिषद ने की, वही वशिष्ठ अतिथि के रुप में श्रीमती आशा बोहरा निदेशक बोहरा रबड़ प्राइवेट लिमिटेड इसके साथ ही श्रीमती डॉ रेनू गुप्ता समाजसेविका , श्रीमती माला गुप्ता समाजसेविका, श्रीमती रितिका गुप्ता प्रिंसपल सुषमा स्वराज गर्ल्स कॉलेज, श्रीमती मीना अग्रवाल समाजसेविका विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का गोविंद शाखा के परिवारिक सदस्यों का स्वागत किया गया । शाखा अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम विशेष तौर पर महिलाओं के लिए आयोजित किया गया है इस मौके पर अध्यक्ष महिला आयोग हरियाणा श्रीमती रेनू भाटिया ने महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि आज भी महिला और किशोरी के साथ घर के अंदर और घर के बाहर हिंसा होती है। हमें संगठित होकर आवाज को बुलन्द करने की जरूरत है। समाज को खासकर युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है। महिलाओं के उत्थान के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती हैं । एक महिला, मां, बहन, बेटी एवं पत्नी की किरदार निभाने के साथ-साथ पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है।



**उत्थान**

**▶▶ महिलाओं के उत्थान के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती हैं**

इस कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गया। सावन उत्सव के इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद गोविंद शाखा की नई टीम और सदस्यों को शपथ दिलाने के साथ ही समाज के कल्याण और उत्थान के लिए जागरूक किया गया।
भारत विकास परिषद गोविंद शाखा के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि आज विशेष तौर पर महिलाओं के लिए सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं और बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसके लिए सभी को हार्दिक बधाई और इसके साथ ही उन सभी नए सदस्यों को वह बधाई देते हैं।

# बीपीटीपी रिसोर्ट्स के प्रेसीडेंट बने महेश

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एडवोकेट महेश नागर सेक्टर 75 स्थित बीपीटीपी रिसोर्ट्स आरडब्ल्यूए के नए प्रेसीडेंट बने हैं। उन्होंने कहा कि मैं इसे बड़ी जिम्मेदारी मानता हूं और सभी निवासियों की बेहतर सेवा करने का प्रयास करूंगा।
नागर ने कहा कि उन्होंने टीम रिसोर्ट वन के नाम से अपना पैनल चुनाव में उतारा था। हमारा पूरा पैनल ही जनता का विश्वास जीतने में सफल रहा है। अब हम लोग जल्द ही आम सभा बुलाकर कोई बड़ी घोषणा जनता के बीच करने वाले हैं। इसके लिए स्थानीय प्रतिनिधियों के सहयोग से जनता की सेवा करने के लिए आगे कदम बढ़ाएंगे। वहीं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से भी लोगों की दैनिक समस्याओं के निराकरण के लिए काम करेंगे। उनकी टीम में विजय रावत वाइस प्रेसीडेंट, श्वेतांक भारती जनरल सेक्रेटरी, वीना कौर जाइंट सेक्रेटरी, नरेश कुमार जिंदल ट्रेजरर चुने गए हैं।



# मानव रचना में ग्रीन फिएस्टा का आयोजन

**फरीदाबाद:** मानव रचना विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग (एचएसएमडी) के साथ मिलकर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ग्रीन फिएस्टा-2 का आयोजन किया गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित हुई इस संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को लेकर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय और स्कूली छात्रों ने जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया।

# बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन ने सातवें कैम्प का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज सोमवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्पों का आयोजन किया गया। बता दें कि उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कैम्प के सातवें दिन "एक पहल" कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी एस एल खत्री और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा के साथ कोर्डिनेशन से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कल्याण पुरी में लगाया गया।
**कैंप का मुख्य उद्देश्यः-** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच है उनको लाभ दिलाना और सरकार की मुख्यधारा में शामिल करना है। कैंप में स्ट्रीट बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र हेल्थ चेकअप, आधार कार्ड, दिव्यांग सर्टिफिकेट, ड्रॉपआउट बच्चों के दाखिले, फैमिली आई डी मोके पर बनाने के प्रयास किये गए हैं ।
**यहाँ लगाए जाएंगे आगामी कैम्पः-** एडीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 29 अगस्त को गांव अनखीर स्थित राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में तथा 01 सितंबर को राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, गांव बड़खल में किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1500 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जाएँगे। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएँगे जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा। कैंप डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ के द्वारा आयोजित कराए जा रहे हैं।

# इंटर स्कूल प्रतियोगिताओं में जीवा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फरीदाबाद, 28 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** दिनांक 28/8/23 एमवीएन सैक्टर 17 में आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता में सैक्टर 21बी स्थित जीवा स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और दक्षता का परिचय देते हुए एक बार फिर स्कूल का नाम रोशन कर दिया। सातवीं कक्षा के छात्र हर्षवर्धन और आठवीं कक्षा की छात्रा आस्था ने एक टीम के रूप में काम किया और ल्यूमिनसेंस स्टीम फेस्ट-2023 में वेस्ट टू वंडर इवेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने रसायन शास्त्र की शिक्षिका सुश्री नमिता बिष्ट और सुश्री मनदीप कौर के मार्गदर्शन में प्लास्टिक को ईंधन में बदलने के एक अनूठे विचार पर काम किया। प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में से एक है। जिसके कारण प्लास्टिक कचरा तेजी से बढ़ रहा है और पर्यावरण के लिए सबसे गंभीर मुद्दों में से एक बन गया है। प्रोजेक्ट में जीवा के छात्रों ने प्लास्टिक को ईंधन में बदलना दिखाया। उनके अनुसार यह प्लास्टिक कचरे के निपटान की समस्या का समाधान हो सकता है जो पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।
एमवीएन स्कूल में ही आयोजित अंग्रेजी हास्य कविता प्रतियोगिता में भी जीवा स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा लावण्या शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
इसी श्रृंखला में ग्रैंड कोलम्बस स्कूल में आयोजित हुए एक इंटर स्कूल डांस एवं कम्प्यूटर प्रतियोगिता में भी जीवा स्कूल के छात्रों ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया और तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेक्विजार्ड प्रतियोगिता में छात्रों को कम्प्यूटर पर एक काल्पनिक मैजिकल कैरेक्टर का निर्णय करना था, जिसमें विद्यालय के चौथी कक्षा के छात्र रूद्राक्ष भाटिया ने अपनी काल्पनिक क्षमता से सुंदर प्रदर्शन किया।



**प्रतिभा**

**▶▶ चौथी कक्षा के छात्र रूद्राक्ष भाटिया ने अपनी काल्पनिक क्षमता से सुंदर प्रदर्शन किया**

# युवा संवाद इंडिया 2047 कार्यक्रम के तहत हो रहा युवाओं का सर्वांगीण विकास: डॉ कृष्णकांत

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव** **अग्रवाल** महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्णकान्त गुप्ता कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पंच प्राण के मंत्र की घोषणा की थी। इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र संगठन फरीदाबाद (खेल मंत्रालय भारत सरकार) के निर्देशानुसार अग्रवाल महाविधायल के तत्वाधान में स्त्री शक्ति पहल समिति संस्था के द्वारा आज अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ में युवा संवाद इंडिया-2047 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्णकांत गुप्ता एवं स्त्री शक्ति पहल समिति संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पूनम सिनीवर व आए सभी वक्ता गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय फरीदाबाद के प्राचार्य ने कहा कि देश में विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एकजुटता व नागरिक कर्तव्य। इसके तहत पांच प्रतियोगिताएं युवा उत्सव के तहत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और सरकार का यही लक्ष्य है कि युवाओं में जो प्रतिभा भरी है उन को निखारने का अवसर प्रदान किया जाए। अच्छे परिणाम के साथ बच्चे आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। पंच प्राण मंत्रों के संवाद में अलग अलग वक्ताओं ने अपने विचार युवाओं के समक्ष प्रस्तुत कर युवाओं के साथ संवाद किया जिसकी जानकारी निम्न प्रकार से है। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ से सहायक प्रवक्ता डॉ. पूजा सैनी ने पंच प्रण में से एकता एवं एकजुटता अपने विचार रखे तथा साथ ही युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने युवा वर्ग को एक होकर रहने का तथा वसुधैव कुटुम्बकम् के महामंत्र को अपनाकर अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को पहचान कर फिर से एकजुट होकर कार्य करने पर के लिए संकल्पित कराया। वक्ता पूनम के द्वारा युवाओं को गुलामी की हर सोच से मुक्ति पर जानकारी दी गई जिसमें उन्होंने अपने वक्तव्य मे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की गुलामी से भी ज्यादा गुलामी की सोच और प्रतीक अत्यंत पीड़ादायक होती है। गुलामी के प्रतीक हमारे दासता के घाव को कभी भरने नहीं देते साथ में गुलामी के प्रतीक का नामकरण हमारे स्वाभिमान को तार-तार करने वाले होते हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वर्तमान प्रधानमंत्री ने अमृत काल के पंच प्रण किए थे उसे सिर्फ बोलने तक नहीं वरन वास्तविक धरातल पर भी कार्यान्वित किया जा रहा है जैसे अंडमान द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण देश के लिए बलिदान करने वाले भारतीय सेना के परमवीरों के नाम पर करने की घोषणा किए हैं साथ ही इंडिया गेट से जॉर्ज पंचम की प्रतिमा हटाकर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है। ऐसे और भी अनेक परिवर्तन किए जा रहे हैं जिससे अगले 25 वर्ष में दासता की भावना को समाप्त कर के एक नए भारत का निर्माण किया जा सके। अपनी विरासत पर गर्व के वक्त नन्द किशोर ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया की भगवान श्री राम के जीवन एवं उनके आदर्श मूल्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

**विरासत पर गर्व**

**▶▶ देश में विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एकजुटता व नागरिक कर्तव्य**



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 29 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'पीएम का दृष्टिकोण देश की प्रगति को प्रेरित करता है'

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मोहाली में रोजगार मेले के 8वें दौर में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की

**टीम एक्शन इंडिया/मोहाली**
**रोजगार** मेले के 8वें दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई नियुक्तियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। अपनी शुभकामनाएँ देते हुए, प्रधानमंत्री ने उन्हें एक आशाजनक यात्रा की शुरूआत करते हुए "अमृत रक्षक" की उपाधि दी। मोहाली में, यह कार्यक्रम बीएसएफ पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ के मुख्यालय द्वारा आयोजित किया गया था, और भारतीय विज्ञान और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) मोहाली परिसर में आयोजित किया गया था। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वावधान में चल रहे इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा व्यक्तिगत और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहाली में 231 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें से



134 को सीमा सुरक्षा बल में, 17 को आईटीबीपी में, 30 को सीआईएसएफ में, 47 को सीआरपीएफ में और 03 को असम राइफल्स में नियुक्त किया गया है। यह समारोह भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री, अनुराग ठाकुर की उपस्थिति से गरिमापूर्ण था, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व की गर्मजोशी से सराहना की और कहा, "हमारे प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता से पैदा हुआ यह रोजगार मेला, सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने की उनकी प्रतिज्ञा को पूरा करने की दिशा में एक





आवश्यक प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। हमारे प्रधान मंत्री का दृष्टिकोण हमारे देश की प्रगति को प्रेरित करता है, और यह मेला युवाओं और देश की समृद्धि के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण है। मंत्री ने युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा शुरू किए गए चल रहे भर्ती अभियान के महत्व पर भी जोर दिया। रोजगार मेला, इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य 2023 के अंत तक 10 लाख लोगों तक अपना दायरा बढ़ाना है। पीवी राम शास्त्री, आईपीएस, विशेष डीजीबीएसएफ पश्चिमी कमान, ने



पश्चिमी कमान की जिम्मेदारियों की महत्वपूर्ण प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए सीमा सुरक्षा और नागरिक सहायता में बीएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर अंतर्दृष्टि प्रदान की। मंत्री ठाकुर ने लखनौर में बीएसएफ परिसर के दौरे के दौरान बीएसएफ कुश्ती, हैंडबॉल और बॉडीबिल्डिंग टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने नीति संवर्धन के लिए मूल्यवान दृष्टिकोण जुटाए और एथलीटों में दृढ़ संकल्प की भावना जगाई। अपने समापन भाषण में, मंत्री ने 5वीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की प्रगति की सराहना की और नीरज चोपड़ा की उत्कृष्ट उपलब्धियों जैसी उपलब्धियों से प्रेरणा ली।

## फास्ट न्यूज

### 11 अक्टूबर को बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**गोपेश्वर:** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और लोकपाल के कपाट शीतकाल के लिए आगामी 11 अक्टूबर को बंद कर दिये जाएंगे। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट आगामी 11 अक्टूबर को दोपहर एक बजे बंद किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब की यात्रा इस वर्ष 20 मई से आरंभ की गई थी। कपाट खुलने के समय भारी बर्फबारी, बदलते मौसम और बारिश के बावजूद वर्तमान तक दो लाख 27 हजार पांच सौ श्रद्धालु गुरु दरबार में हाजिरी लगाकर मत्थाटेक चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौसम के साफ होने के साथ ही गोविंदघाट से घांघरिया की हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू कर दी गई है।

### नूंह में जाने से रोका तो हिंदू संगठनों ने फूंका सीएम का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
नूंह में दोबारा से यात्रा निकालने को लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस प्रशासन की ओर से रोके जाने के कारण सोमवार को शहर में हिंदू संगठनों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया और सीएम मनोहर लाल का पुतला फूंका। हिंदू संगठनों के सदस्य शहर के गीता भवन मंदिर में एकत्र हुए। वहां पर उन्होंने जलाभिषेक किया। उसके बाद सभी एकत्र होकर सुभाष चौक के लिए रवाना हुए मगर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें सुभाष चौक पर जाने से रोक दिया। सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि सरकार की ओर से उन पर ही दबाव बनाया जा रहा है। जबकि जिन लोगों ने यात्रा पर हमला किया उन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने यात्रा में शामिल होना था लेकिन पुलिस ने उन्हें रात को ही हिरासत में ले लिया। जिसके कारण वह सरकार का अब विरोध करेंगे और मोर्चा खोलेंगे। राकेश कटारिया, बोबी दुग्गल ने भी कहा कि वे शांतिपूर्वकसुभाष चौक पर सीएम का पुतला जलाकर अपना विरोध करना चाहते हैं, इसलिए उन्हें सुभाष चौक पर जाने दिया जाए। मगर पुलिस अधिकारियों ने उन्हें सुभाष चौक पर जाने से इसलिए रोक दिया क्योंकि ऐसा करने से माहौल बिगड़ सकता था। सुभाष चौक पर ही मस्जिद है। इसलिए पुलिस अधिकारी नहीं चाहते थे कि हिंदू संगठनों के लोग सुभाष चौक पर जाए। जब बार-बार कहने पर भी पुलिस ने लोगों को सुभाष चौक पर नहीं जाने दिया तो उन्होंने गीता भवन के पास ही सदर बाजार चौक पर सीएम का पुतला फूंक कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।



राष्ट्रपति एनटीआर पर स्मारिका का विमोचन करती हुई।

## यूपी रोडवेज: रक्षाबंधन पर महिलाएं दो दिन कर सकेंगी निशुल्क सफर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी रक्षाबंधन पर बहनों को 24 घंटे नहीं बल्कि 48 घंटे निशुल्क रोडवेज बसों में सफर कराएंगे। उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव की ओर से निगम अधिकारियों को जारी आदेश में बताया गया है कि 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी जबकि पूर्व में 30 अगस्त की रात से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक के आदेश दिए गए थे लेकिन अब आदेश को संशोधित किया गया है।

## जोशीमठ के पगनों गांव के पुनर्वास की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड का पगनों गांव आपदा से ग्रस्त है। गांव के ऊपरी ओर से लगातार भूस्खलन हो रहा है। ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। सोमवार को एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी जोशीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भेजकर मांग की गई है कि पगनों में तत्काल आपदा राहत दी जाये। रास्ता निर्माण एवं स्थाई विस्थापन पुनर्वास किया जाए। भाकपा माले के गढ़वाल सचिव अतुल सती, विनोद कुमार, कुशलानंद डिमरी का कहना है कि पगनौ गांव पिछले एक माह से आपदा से ग्रस्त है। जहां जुलाई माह की



बारिश से गांव का सिर्फ एक हिस्सा प्रभावित था अगस्त माह में पूरे गांव का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है। गांव का आने जाने का रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे किसी आपदा की स्थिति में गांव के लोगों के पास आने जाने, राशन आदि लाने, प्राण बचाने का भी कोई रास्ता नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि गांव की हजार नाली से अधिक कृषि भूमि धंसाव के चलते मलबे में बदल गई है। गांव के ऊपर से पांच सौ मीटर लंबाई का बड़ा भू कटाव का क्षेत्र बन गया है।

## सीएम शिवराज ने महाकाल लोक का भ्रमण किया

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन-अर्चन की और इसके बाद उन्होंने ई-रिक्शा से महाकाल लोक का भ्रमण किया। मन्दिर से प्रस्थान करते समय उन्होंने श्री महाकाल लोक के दर्शन के लिये आये श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया तथा कहा कि भगवान महाकालेश्वर सभी का कल्याण करें, सबका मंगल हो, यही कामना है।

**रक्षाबंधन पर वितरित किये जाने वाले लड्डूओं के निर्माण का किया अवलोकन:** मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवार को भगवान महाकालेश्वर मन्दिर में सपरिवार दर्शन और पूजन-अर्चन के पश्चात आगामी रक्षाबंधन पर्व पर वितरित किये जाने वाले लड्डूओं के निर्माण का अवलोकन किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान, उज्जैन महापौर मुकेश एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन पर्व पर सवा लाख लड्डूओं का निर्माण किया जा रहा है।

## डुमरी उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत करें तय: मरांडी

**टीम एक्शन इंडिया/गिरिडीह**
**डुमरी वि**धानसभा के निमियाघाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डुमरी में उपचुनाव के लिए पांच सितंबर को वोटिंग होनी है। पार्टी कार्यकर्ता हर हाल में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत तय करने को कमर कसें। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि साढ़े तीन साल से राज्य में हेमंत सोरेन सरकार ने लूट मचा रखी है। हर विभाग में करप्शन आम बात है। घोषणा पत्र में हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा इस सरकार का था। रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात थी। आज तक एक को भी भत्ता नहीं मिला। रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल ठगा जा रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति में उन्हें उलझा दिया गया है। ऐसे में डुमरी उप चुनाव के बहाने समूचे राज्य की नजर इधर है। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर तय करें कि सरकार की सच्चाई लोगों के सामने आए। यशोदा देवी की जीत तय हो। बाबूलाल ने कहा कि राज्य में चारों ओर लूट मची है। कोयला, पत्थर, बालू, जमीन की लूट में सोरेन परिवार भी शामिल है। महाजनों से लड़ने की बात करने वाला शिबू सोरेन परिवार आज राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन चुका है।

## धामी ने सौंपा 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की आयोजित परीक्षा में उच्च शिक्षा विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर 43 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री ने चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। शेष सभी अभ्यर्थियों को भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं



दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे। ईश्वर ने आप सभी को सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बेहतर कार्यशैली से सभी राज्य के विकास में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कार्य करने के लिए समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखना होगा। टाइम टेबल के हिसाब से अपनी दिनचर्या बनानी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसके लागू होने के बाद सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई है।

**मांग** गोशालाओं में कैद मवेशी, घरों में कैद स्कूल बच्चे, डीएम से मिले सरपंच और सदस्य

## आपदा में न बचे खेत-खलिहान, आवाजाही के रास्ते भी हुए ध्वस्त

**व्यथा रखी**

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**बीते** 13 अगस्त की आपदा ने चमोली जिले के कौंज पौथनी ग्राम पंचायत को पूरी तरह से तहस नहस कर रख दिया है। ग्रामीणों के खेत खलिहान के साथ ही अधिकांश परिवारों के घर, गौशालाएं ध्वस्त हो गई हैं। आने-जाने के रास्ते बंद पड़े हैं, जिससे स्कूली बच्चे 14 अगस्त से अभी तक स्कूल नहीं जा पाये हैं। मवेशी गौशालाओं में कैद होकर रह गये हैं। इसको लेकर सोमवार को प्रभावित परिवारों की महिलाओं के साथ पुरुष किसी तरह



जिलाधिकारी के पास पहुंचे और अपनी व्यथा रखी। ग्रामीणों ने गांव को विस्थापित किये जाने के साथ ही आवाजाही के रास्तों को खोलने की मांग की है। ग्राम प्रधान कौंजपौथनी कुंदन सिंह कठैत, सरपंच सरिता देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य ममता देवी, नंदी सिंह कठैत ने कहा कि आपदा के कारण उनके गांवों का संपर्क कट गया है। इस कारण अधिकारी भी गांव तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनके पाल्यों का भविष्य बर्बाद होता जा रहा है। पैदल रास्ते बंद होने के कारण 14 अगस्त से अभी तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाये हैं।

**8 उपजिलाधिकारी चमोली गांव का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी लेंगे**

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि कौंज पौथनी ग्राम सभा के सभी तोक गांवों को विस्थापित किया जाए। इससे पहले ग्रामीणों को गांव से बाहर निकालने के लिए पैदल रास्तों का सुधारीकरण किया जाए। इस मौके पर जोत सिंह, राजबर, नरेंद्र लाल, प्रदीप लाल, सुशीला देवी, संत लाल आदि मौजूद थे।

